आश्विन कृष्ण पक्ष षष्ठी-सप्तमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक-72 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
14 सितंबर 2025
रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
30 अधिकतम
22 न्यूनतम



Page-7

**सीएम की सुरक्षा में चूक : अफसरों ने किसी भी स्तर पर नहीं किया नियम का पालन**

# प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा थी हॉट एयर बैलून में लगी आग

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मंदसौर में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को लेकर उड़ान भरने की तैयारी कर रहे हॉट एयर बैलून में आग लगने की घटना ने सीएम की सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक लापरवाही की कलई खोल कर रख दी है। गनीमत यह रही कि सुरक्षाकर्मी अलर्ट थे इसलिए बड़ा हादसा टल गया। चिटा की बात यह भी है कि घटना के बाद जिला कलेक्टर ने यह बताने की कोशिश की कि कोई घटना ही नहीं हुई, मुख्यमंत्री तो बस बैलून को देखने गए थे। प्रशासन द्वारा इस तरह की बैलून उड़ाने कोई अनुमति भी जारी नहीं की गई है। साथ ही न तो पायलट व उससे जुड़ी कंपनी के लाइसेंस का वेरिफिकेशन हुआ है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा कई जगह एडवेंचर स्पोर्ट्स एक्टिविटी का आयोजन किया जाता रहा है। ऐसीएक्टिविटी करने वाले वेंडर का चुनाव टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से होता है। साथ ही लोकल प्रशासन से भी एनओसी लेने का प्रावधान है। विशेष रूप से जब एरियल एडवेंचर एक्टिविटी का आयोजन की बात हो तो इसमें सतर्कता का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।

ऊपर से मंदसौर कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग का सिरे से इस तरह की घटना को नकारने का जो बयान सामने आया है यह अपने आप में ब्यूरोक्रेसी की संवेदनशीलता पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगता है। समझा जा सकता है कि इस एक्टिविटी को एडवेंचर स्पोर्ट्स लवर्स के द्वारा किया जाता तो कितने लोगों के लिए खतरा उत्पन्न होता। गौरतलब है कि टूरिज्म बोर्ड द्वारा खंडवा के हनुमंतिया में हर साल आयोजित किए जाने वाले जल महोत्सव में भी टेंट में आगजनी की घटना सामने आ चुकी है।



मंदसौर में हुई सुरक्षा चूक का फाइल फोटो

### प्रोपेन गैस से होती है सुरक्षित उड़ान

प्रोपेन हॉट एयर बैलून के लिए पसंदीदा ईंधन है। यह सुनिश्चित करता है कि गुब्बारा आराम से और मज़बूती से उड़ान भरता रहे, जिससे यह इस उद्देश्य के लिए आदर्श गैस बन जाती है। गर्म हवा के गुब्बारे में, प्रोपेन को तरल रूप में टोकरी से सुरक्षित रूप से जुड़े टैंकों में संग्रहित किया जाता है। बर्नर द्वारा प्रज्वलित होने पर, प्रोपेन वाष्पीकृत होकर जलता है, जिससे आवरण के अंदर की हवा को गर्म करने के लिए आवश्यक तीव्र ऊष्मा उत्पन्न होती है। इस तीव्र तापन के कारण हवा फैलती है और हल्की हो जाती है, जिससे लिफ्ट मिलती है।

### पायलट इरफान ने दिया बयान कहा- वह तो एलपीजी से बैलून उड़ा रहा था




मंदसौर में एयर बैलून उड़ाने वाले पायलट इरफान का इस घटना से संबंधित जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वह बड़ी लापरवाही दिखाता है। जिसमें कहा जा रहा है कि इस तरह की एक्टिविटी के लिए लाइसेंस की कोई जरूरत नहीं होती है। उसका कहना है कि वह एलपीजी के दो सिलेंडर से आग लगाकर गुब्बारे में गर्म हवा भरता है। जो कि सरासर निर्धारित मापदंडों का उल्लंघन है। न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया में हॉट एयर बैलून के लिए प्रोपेन गैस का इस्तेमाल होता है।

### तापमान रहता है नियंत्रित

गुब्बारों में उड़ान भरते समय सुरक्षा सर्वोपरि है। प्रोपेन को न केवल इसकी तापन क्षमता के लिए, बल्कि इसे संभालने के लिए कड़े सुरक्षा उपायों के कारण भी पसंद किया जाता है। गुब्बारों को सुरक्षा वाल्वों के साथ डिज़ाइन किया जाता है और नियमित रूप से गहन निरीक्षण किया जाता है। प्रोपेन की दक्षता सुनिश्चित करती है कि पूरी उड़ान के दौरान तापमान नियंत्रण स्थिर रहे, जिससे आकाश में एक आरामदायक और स्थिर यात्रा संभव हो सके।

**अमेरिकी कांग्रेस ला रही है नया बिल, ट्रम्प को मिलेगा फ्री हैंड**

# पल- पल बदलते ट्रम्प के बोल फिर दी धमकी, भारत पर टैरिफ की शुरुआत... और आगे बढ़ेंगे

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन,एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर अभी शुरुआती दौर के प्रतिबंध लगाए हैं और संकेत दिया कि उन्होंने अब तक चरण दो या चरण तीन के तहत प्रतिबंध नहीं लगाये हैं। ट्रंप ने कहा कि दो सप्ताह पहले उन्होंने कहा था, अगर भारत तेल खरीदता है, तो भारत को बड़ी समस्याएं होंगी, और यही होता है। ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ (शुल्क) लगाया है और भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है, जिससे भारत पर लगाया गया कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है और यह शुल्क 27 अगस्त से प्रभावी हो गया है।

इस बीच, अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों में रूस पर कड़े प्रतिबंधों का समर्थन करने वाले एक नए बिल को लाने की तैयारी हो रही है। इससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत और चीन समेत रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर भारी टैरिफ लगाने की खुली छूट होगी, जो 500% तक हो सकते हैं। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि वह और प्रतिनिधि सभा के सदस्य (सांसद) ब्रायन फिट्जपैट्रिक यूक्रेन में रूस के युद्ध का समर्थन करने वाले देशों पर बड़े टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अधिकृत करने वाले विधेयक को आगे बढ़ाएंगे।



### रूस को फंडिंग का लगाया आरोप

सीनेटर ग्राहम और सांसद ब्रायन फिट्जपैट्रिक (दोनों रिपब्लिकन) ने बताया कि वे महीनों से एक विधेयक पर काम कर रहे हैं, जिसके तहत अगर मॉस्को यूक्रेन के साथ शांति समझौते पर बातचीत से इनकार करता है तो उस पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। इन प्रतिबंधों में रूसी तेल खरीदने के लिए भारत, चीन और ब्राजील पर अतिरिक्त प्रतिबंध शामिल हैं। उन्होंने तर्क दिया कि ये देश पुतिन से सस्ता तेल खरीदकर उन्हें फंडिंग कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक संयुक्त बयान में ग्राहम ने कहा कि वह समन्वित कार्रवाई के राष्ट्रपति ट्रंप के आह्वान से बहुत खुश है। उन्होंने कहा कि चीन रियायती दरों पर रूसी तेल और गैस खरीदकर पुतिन की युद्ध मशीन को मजबूती दे रहा है, इसलिए उसे अमेरिका और उसके नाटो सहयोगियों से दंडात्मक शुल्क का सामना करना होगा।

**नवरात्र से पहले के भक्तों को झटका**

# आज से शुरू होने वाली माता वैष्णो देवी यात्रा पर लगी रोक

**कटरा,एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में आज से शुरू होने वाली माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा पर फिर रोक लग गई है। इसकी वजह है भवन और रास्ते पर लगातार बारिश। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने यह जानकारी दी है। बोर्ड ने कहा है कि अगली सूचना तक यात्रा स्थगित रहेगी। दरअसल 24 अगस्त को भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी। भूस्खलन की घटना में 34 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए थे।

इससे पहले बीते शुक्रवार को श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था कि अनुकूल मौसम की स्थिति के अधीन वैष्णो देवी यात्रा 14 सितंबर से फिर से शुरू होगी। हालांकि इस समय भारी बारिश हो रही है। ऐसे में यात्रा फिर से शुरू करने की संभावना नहीं है।

### वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर हुई थी अनहोनी

जम्मू रीजन में 26 अगस्त को अत्यधिक खराब मौसम के दौरान माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन होने से 35 से अधिक तीर्थयात्रियों की जान चली गई और



10 से अधिक अन्य घायल हो गए थे। इसके कारण श्री माता वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई थी। कटरा में पिछले दिनों हुए भूस्खलन के बाद प्रशासन ने होटल और धर्मशालाओं को खाली करने का आदेश जारी किया था।भूस्खलन त्रासदी के बाद श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) की आलोचना हुई थी। यहां तक कि जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने भी यात्रा के मामलों का प्रबंधन करने वाले एसएमवीडीएसबी के अधिकारियों को दोषी ठहराया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने तीन दिन बाद श्री माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर अखदुवारी के पास हुए भूस्खलन की घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन का आदेश दिया था।

### असम में बोले पीएम 'मैं शिव भक्त, जहर निगल लेता हूं...'

**गुहावटी,एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के दरांग में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला।

कहा कि मुझे व्यक्तिगत तौर पर जितनी चाहे गालियां दें, उससे फर्क नहीं पड़ता, लेकिन जब देश के महान व्यक्तित्वों का अपमान होता है तो गहरा दुख होता है। मैं भगवान शिव का भक्त हूं और सारा जहर निगल लेता हूं, लेकिन कांग्रेस का पूरा आर्थिक और राजनीतिक तंत्र मेरे खिलाफ खड़ा है। फिर भी मेरे पास 140 करोड़ देशवासियों का आशीर्वाद है और वही मेरा रिमोट कंट्रोल हैं।

पीएम मोदी ने कहा, 'कांग्रेस के लिए अपने वोट बैंक का हित सबसे बड़ा है। कांग्रेस देशहित की कभी परवाह नहीं करती है।

**ऑपेशन सिंदूर में तबाह हुए टेरर सेंटर फिर हो रहे तैयार**

# बाढ़ पीड़ितों के फंड से पाक बना रहा मुरीदके में आतंक के अड्डे

**इस्लामाबाद,एजेंसी**

पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने मुरीदके स्थित अपने मुख्यालय को फिर से बनाना शुरू कर दिया है। इस जगह को 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय हवाई हमले में तबाह कर दिया गया था। लश्कर और पाक सरकार ने इसे फिर से बनाने के लिए एक अलग रास्ता निकाला है। बाढ़ पीड़ितों के लिए दी जाने वाली राहत राशि का इस्तेमाल इस आतंकी ढांचे के पुनर्निर्माण में किया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर के बाद ये जगह ऐसे ही पड़ी थी। हालिया दिनों में बाढ़ के बाद इस परिसर को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त करने की शुरुआत हुई। जेसीबी मशीनों से 4 सितंबर को इसे पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। पूरे परिसर के गिर जाने के बाद मलबा हटाया गया है और पुनर्निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है।

### पाकिस्तान सरकार का समर्थन

पाकिस्तानी सरकार ने लश्कर-ए-तैयबा को अपना हेडक्वार्टर बनाने के लिए मदद की है। दावा है कि लश्कर को अगस्त में 4 करोड़ पाकिस्तानी रुपए दिए। परिसर को हमले से पहले के स्तर पर बहाल करने के लिए 15 करोड़ पाकिस्तानी रुपए की जरूरत है। फंड की कमी को पूरा करने के लिए लश्कर-ए-तैयबा को बाढ़ राहत का पैसा मिल रहा है। पाक के आतंकी गुटों का यह पुराना पैटर्न है। पीओके में 2005 के भूकंप के बाद भी लश्कर-ए-तैयबा ने मानवीय अपीलों के जरिए अरबों पाकिस्तानी रुपए जुटाए थे, जिसका इस्तेमाल आतंक की ट्रेनिंग में हुआ।



### भारत-पाकिस्तान तनाव

भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल 22 अप्रैल के बाद तनाव अचानक बढ़ गया था। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए। 6-7 मई की रात को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में हमला किया और कई आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया।

**मेट्रो एंकर** | **क्रिकेट के मैदान में भावनाओं की जंग... पार्ट-1**

# एशिया कप में आज भारत-पाक के बीच बहुचर्चित भिड़ंत



**आलोक गोस्वामी**
खेल विश्लेषक

एशिया कप का आगाज हो चुका है।दो पूल में बटी हुई 8 टीमों के बीच अब तक 5 मैच हो चुके हैं।सभी टीमों ने इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेल लिया है।भारत और पाकिस्तान की टीम भी अपना पहला मैच खेल चुकीं है,लेकिन पिछले 4 माह से जिस भिड़ंत की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है,उसकी शुरुआत आज दुबई के मैदान पर होगी। दरअसल 3 मैचों की संभावित टी20 सीरीज( अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुची ) का पहला मुकाबला आज होना है।असल बात यह है भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव की वजह से दोनों टीमों के बीच होने वाले क्रिकेट मैच को जंग के रूप में ही पेश किया जाने लगा है,क्योंकि क्रिकेट के मैदान में होने वाली यह भिडंत खेल से ज्यादा खेलप्रेमियों/देशप्रेमियों के लिए भावनाओं की जंग बन चुकी है। वैसे मेरे नजरिये में इस मैच को हाईप्रोफाइल बनाने में खिलाड़ियों से ज्यादा योगदान आयोजकों ओर प्रायोजकों का रहा है।अगर हम पिछले एक दशक के इस तथाकथित महामुकाबले/हाईवोल्टेज भिड़ंत के इतिहास पर नजर डालें तो फिर




10 सालों में दोनों टीमों के बीच हुए वनडे फॉर्मेट के 10 मैचों में यह आंकड़ा 8-1 से टीम इंडिया के पक्ष का है जबकि 1 मैच नो रिजल्ट में दर्ज है।वहीं बात अगर टी20 फार्मेट की करें तो फिर दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए कुल 13 में से 10 मैच में टीम इंडिया ने पाक को पटखनी दी है जबकि मात्र 3 मैचो में पाक ने बाजी मारी है।एक दिलचस्प गणित यह भी है कि आज ही के दिन यानी 14 सितंबर 2007 को डरबन पर पहले टी 20 वर्ल्ड कप में दोनों टीमों के बीच खेला गया मैच टाई हुआ था,उसके बाद बॉल-आउट में टीम इंडिया ने मैच जीत लिया था।वैसे फिर फाइनल में हुई भिड़ंत में भी टीम इंडिया ने जीत हासिल की थी।मतलब साफ है कि दोनों टीमों के बीच हुए व्हाइट बॉल मुकाबलों में 80 फीसदी से अधिक मैच टीम इंडिया के पक्ष में रहे हैं।फिर यह बात वाकई समझ से परे है कि जब भारतीय टीम का पलड़ा जीत के मामले में इतना भारी है तो फिर इनके बीच होने वाला कोई भी मैच महामुकाबला कैसे हो जाता है।खैर यह सब बातें तो हमेशा से होती आ रही हैं और आने वाले कई सालों तक ऐसे ही चलेंगी,लेकिन अब अगर हम मौजूदा एशिया कप 2025 की बात करें तो फिर दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के 2 मैच खेला जाना लगभग तय है,पहला मैच आज व दूसरी भिड़ंत अगले रविवार यानी 21 सितंबर को।दोनों टीमों के बीच दो मैच होने की वजह यह है कि इनके पूल में यूएई और ओमान की टीमों का होना है।मजेदार बात यह भी कही जा सकती है कि दोनों ही मैचों की जीत हार से किसी भी टीम के सेमीफाइनल के सफर की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।शायद एशिया कप के फिक्सचर की यही सबसे बड़ी खूबी है।सही मायने में दोनों टीमों के बीच करो या मरो का असल मुकाबला मात्र फाइनल मैच में ही हो सकता है।इन सभी बातों को नजरअंदाज कर अगर हम बात आज होने वाली बहुचर्चित भिड़ंत की करें तो फिर पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच का बहिष्कार करने की मांग के बीच भारतीय टीम रविवार को अपना विजयी अभियान जारी रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी।ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहली बार होगा जब भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें एक दूसरे के खिलाफ खेलती नजर आएंगी। इस मैच को लेकर विरोध के स्वर भी उठ रहे हैं, लेकिन दोनों देशों के खिलाड़ी मैदान पर एक दूसरे का सामना करने के लिए अब पूरी तरह तैयार हैं। भारत ने यूएई के खिलाफ एशिया कप के मैच में प्लेइंग-11 में तीन स्पिनर और एक विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को मौका दिया था।अब यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत इसी रणनीति के साथ उतरता है या पाकिस्तान के खिलाफ मैच की महत्वता को देखते हुए कुछ बदलाव करता है।वैसे हेड कोच गंभीर की ऑलराउंडर पर दांव लगाने की मानसिकता को देखते हुए कम से कम आज के मैच में चौथे विशेषज्ञ गेंदबाज की एकादश में जगह की गुंजाइश नजर नहीं आती है।वहीं अगर इस भिड़ंत को अगर पाकिस्तान के नजरिये से देखें तो भले ही उसका पलड़ा बेहद कमजोर नजर आ रहा है लेकिन दुबई के मैदान में टीम इंडिया के खिलाफ उसका रिकॉर्ड उसके मनोबल को कुछ हद तक बढ़ा सकता है,क्योंकि टीम इंडिया के खिलाफ इस फॉर्मेट मे 3 में से 2 जीत उसको इसी मैदान पर मिली हैं।सही मायने में बस यही एकमात्र पहलू है जिस वजह से मैच मे पाकिस्तान की दावेदारी थोड़ी बहुत नजर आती है,वरना इतिहास और आंकड़े ओर हालिया खेल के लिहाज से तो इस मैच में टीम इंडिया का पलड़ा बेहद मजबूत है।आज के मैच में बाजी कौन सी टीम मारेगी यह तो वक्तभी बतायेगा लेकिन इस बात में कोई शक नहीं कि सितंबर माह के तीनों ही संडे क्रिकेट के लिए बहुचर्चित रहने वाले हैं।

### कोरल वुड्स सोसायटी के क्लब हाउस का जमा नहीं हुआ संपत्ति कर, निगम ने लगाया ताला

# ऋषि कंस्ट्रक्शन की मनमानी से कॉलोनी के 550 परिवारों पर आया सुरक्षा का संकट

सुनील भंडारी, दोहपर मेट्रो

भोपाल, कोरल वुड्स कॉलोनी के बिल्डर और हाऊसिंग सोसायटी की मिली भगत और घोटाले ने यहाँ के रहवासियों को मुश्किल में डाल दिया है। एक तरफ सोसायटी का रखरखाव नहीं पा रहा और दूसरी तरफ नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स नहीं चुकाने की वजह से यहाँ के क्लब हाउस में तालाबंदी कर दी है। इससे क्लब हाउस की गतिविधियां ठप हैं और सरक्षा का भी खतरा उत्पन्न हो गया है क्योंकि क्लोज सर्किट कैमरों का कंट्रोल रूम वहीं है।

निगम अमले ने गत दिवस जोन क्रमांक 13 में आने वाले वार्ड 52 स्थित कोरल वुड्स सोसाइटी के क्लब हाउस में ताले जड़ दिए। कॉलोनी के बिल्डर ऋषि कंस्ट्रक्शन जयंत भंडारी पर चार लाख 60 हजार 994 रुपये बकाया थे। उन्हें नगर निगम द्वारा कर जमा करने लिए नोटिस भी दिए गए थे, लेकिन कर जमा नहीं किया। इससे निगम अमले ने कुर्की की कार्रवाई करते हुए संपत्ति पर तालाबंदी की है।



क्लब हाउस के दरवाजे पर लगा ताला।

कोरल वुड सोसाइटी में 550 से अधिक फ्लैट वाली सोसाइटी है जिसमें ढाई हजार से ज्यादा लोग निवास करते हैं। पड़ताल में यह सामने आया है कि बिल्डर ऋषि कंस्ट्रक्शन द्वारा कॉलोनी में अधूरे निर्माण कार्यों के चलते कॉलोनी अभी सोसाइटी को हैंड ओवर नहीं हुई है। जबकि दिसंबर 2022 से समिति गठन के उपरांत मेंटेनेंस राशि का संग्रहण समिति के द्वारा किया जा रहा है। इसी साल के शुरुआत में समिति के निर्वाचित सदस्यों के आपसी मतभेदों व आर्थिक गड़बड़ी के आरोपों के चलते छह सदस्यों द्वारा इस्तीफा देने के उपरांत समिति को भंग करते हुए डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा अप्रैल 2025 में प्रशासक की नियुक्ति कर दी गई। अतः अभी वर्तमान में सोसाइटी का पूरा मैनेजमेंट प्रशासक सपना गुहा संभाल रही है। तालाबंदी के मुद्दे पर जब प्रशासक सपना गुहा से बात की गई तो उनका कहना था कि संपत्ति कर बकाया होने के चलते नगर निगम द्वारा यह कार्रवाई की गई है। जबकि बिल्डर का कहना है कि दिसंबर 2022 में निर्वाचित सोसाइटी को मेंटेनेंस के साथ ही क्लब हाउस का पजेशन भी दिया जा चुका है। इसके रखरखाव की जिम्मेदारी भी अब उन्हीं की है और करों का भुगतान भी उन्हीं के द्वारा किया जाएगा।

उधर ,रहवासियों का आरोप है कि समिति के कुछ पदाधिकारियों ने बिल्डर से सांठगांठ करते हुए बिना प्रक्रिया के ही मेंटेनेंस का जिम्मा ले लिया जबकि प्रोजेक्ट अभी भी अधूरा ही है। यही कॉलोनी में आपसी विवाद का मुख्य मुद्दा भी रहा है। भंग समिति के कुछ पदाधिकारीयो द्वारा भी घोर लापरवाही बरती गई तथा क्लब हाउस को समिति के नाम पर ट्रांसफर नहीं कराया गया। जिसके चलते क्लब हाउस अभी भी नगर निगम के रिकॉर्ड में ऋषि कंस्ट्रक्शन के नाम पर ही है। वरिष्ठ रहवासी हरिओम गुप्ता ने दोपहर मेट्रो से कहा - हम क्या करें हमारा क्या दोष है हम तो हर महीने निर्धारित मेंटेनेंस की राशि दे रहे हैं। क्लब हाउस में तालाबंदी होने से हम घोर अपमान महसूस कर रहे हैं तथा सोसाइटी ऑफिस भी क्लब हाउस में ही स्थित हैं और वहीं से कैंपस में लगे सीसीटीवी कैमरे की मॉनिटरिंग भी होती है। तालाबंदी होने से कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था खतरे में पड़ गई है। बिल्डर व समिति की गलत नीतियों के चलते आम रहवासी परेशान हो रहे हैं।

वहीं समिति के पूर्व सदस्य राजेंद्र मालवीय का कहना है कि अधूरे प्रोजेक्ट का समिति द्वारा टेक ओवर नहीं किया गया है अतः क्लब हाउस इत्यादि के करो की राशि का भुगतान बिल्डर द्वारा किया जाना चाहिए। रहवासियों से प्राप्त मेंटेनेंस राशि से करो की राशि का भुगतान हरगिज नहीं होने दिया जाएगा। भंग समिति के उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा का कहना है कि तालाबंदी से क्लबहाउस में बच्चों की एक्टिविटी क्लासेस, इंडोर गेम, होम थिएटर, जिम इत्यादि का संचालन रुक गया है। जिसका प्रशासक से बात करके शीघ्र ही समाधान निकलने का प्रयास किया जा रहा है। रहवासी प्रफुल्ल दानी का आरोप है की भंग समिति के पदाधिकारीयो द्वारा आर्थिक अनियमिताएं करते हुए हिसाब किताब नहीं दिया गया तथा पिछले दो साल से एजीएम नहीं बुलाई गई जिसकी शिकायत उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में भी की हुई है। यह सब कुछ बिल्डर को लाभ पहुंचाने की नीयत से किया जा रहा है। और हम लोग शीघ्र ही रेरा में बिल्डर की शिकायत करने वाले हैं। सीनियर निवासी रमेश चंदवानी ने कहा कि प्रशासक की नियुक्ति हुऐ 6 महीने से अधिक हो चुके हैं उसके उपरांत भी प्रशासक द्वारा सही ढंग से समिति का रखरखाव क्यों नहीं किया जा रहा है। अगर उन्होंने प्रशासक की भूमिका को जिम्मेदारी से निभाया होता तो तालाबंदी की नौबत नहीं आती। जबकि हर महीने 12 लाख रुपए से अधिक की राशि मेंटेनेंस के रूप में इकठ्ठी होती है। आए दिन लिफ्ट खराब होने के चलते किसी भी दिन कोई बड़ी दुर्घटना हो गई तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी ?

#### पहले नोटिस के बाद मिलती है 45 दिन की मोहलत

प्रॉपर्टी टैक्स या जलकर जमा न करने वालों को नगर निगम नगर पालिक अधिनियम 1956 की धारा 173 के तहत नोटिस जारी करता है इसके 15 दिन बाद इसी अधिनियम के तहत धारा 174 का नोटिस दिया जाता है। इसके बाद 30 दिन की मोहलत दी जाती है फिर भी यदि प्रॉपर्टी मलिक ने टैक्स जमा नहीं किया है तो निगम धारा 175 -178 की कार्रवाई के लिए स्वतंत्र हो जाता है। इसके बाद नीलामी की कार्रवाई सार्वजनिक विक्रय नियम के तहत की जाती है।

#### आगे नगर निगम क्या कर सकता है

विशेषज्ञों का कहना है कि नगर निगम की इस कार्यवाही से वास्तव में रहवासी दंडित हुए जबकि प्रोजेक्ट को अपूर्ण रखने और ऑनरशिप ट्रांसफर नहीं होने का दोषी बिल्डर है। नगर निगम बिल्डर के गिरवी रखे फ्लैट जब्त करे या बिल्डर को दंड मिले वो तरीका अपनाना चाहिए। नगर निगम की इस कारवाही से सोसाइटी को पार्ट अमाउंट जमा करना पड़ा ताकि ताला खुल सके और रहवासियों को सुरक्षा और सम्मान मिले। अगर सोसाइटी टैक्स भरना शुरू कर देगी तो बिल्डर कभी प्रोजेक्ट कंप्लीट नहीं करेगा।

### अपात्रों के कटेंगे नाम, सरकार कराएगी ऑडिट

## दीवाली से पहले लाड़ली बहनों को लग सकता है झटका

भोपाल, दोहपर मेट्रो

मध्य प्रदेश सरकार ने लाडली बहना योजना को और सशक्त बनाने का फैसला किया है. दिवाली के बाद महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये दिए जाएंगे। हालांकि, इसके पहले लाभार्थियों की सूची का ऑडिट कराया जाएगा। जांच में उन महिलाओं के नाम हटाए जाएंगे जो योजना की पात्रता पूरी नहीं करतीं हैं। सबसे पहले सरकार अयोग्य लाभार्थियों से खुद अपना नाम हटाने की अपील करेगी। इसके बाद संबंधित विभाग की टीम दस्तावेजों की जांच कर अपात्र महिलाओं के नाम सूची से हटाएगी। सरकार का कहना है कि उद्देश्य यही है कि योजना का फायदा सिर्फ सही पात्र महिलाओं तक पहुंचे।



सीएम मोहन यादव ने जून में घोषणा की थी कि दिवाली के बाद से लाड़ली बहनों को 1500 रुपए हर महीने मिलेंगे। भाई दूज के बाद महिलाओं को यह बढ़ी हुई राशि दी जाएगी। शुरुआत में महिलाओं को एक हजार रुपए हर महीने दिए जाते थे। इसके बाद राशि को बढ़ाकर 1250 रुपए किया गया। अब इसे 1500 रुपए किया जाएगा। वहीं सीएम ने कई मौकों पर कहा है कि राशि 3 हजार तक पहुंचाई जाएगी।

## उद्योग में हरित ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रशिक्षण आयोजित




भोपाल, दोहपर मेट्रो

बीएचईएल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्योग में हरित ऊर्जा के उपयोग विषय पर आपूर्तिकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भेल के महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) विपुल अग्रवाल, शलभ शर्मा, महाप्रबंधक (थिंक गैस), समीर पॉल, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (ईएमटी), ऋचा बाजपेयी, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (सीआरएसएम), दीपक कुमार, प्रबंधक (एफएसएसएम) एवं प्रिया दास उपस्थित रहीं।

महाप्रबंधक अग्रवाल ने कहा कि भेल हरित भविष्य की दिशा में अग्रसर होने का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। उद्योग में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) एवं सौर ऊर्जा के उपयोग से ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। शलभ शर्मा ने उद्योग में पीएनजी के उपयोग पर प्रकाश डाला, वहीं समीर पॉल ने सौर ऊर्जा के उपयोग के लाभों की जानकारी दी। बीएचईएल ने अपनी आपूर्ति श्रृंखला में स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल की है। इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण क्षेत्र के आपूर्तिकर्ताओं और आपूर्ति श्रृंखला के भागीदारों को सौर ऊर्जा और पीएनजी जैसे विकल्पों के प्रति जागरूक बनाना इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य रहा।

## संतजी के अवतरण दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित




हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

सुधार सभा द्वारा संचालित शहीद हेमू कलानी एजुकेशनल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में संत हिरदाराम साहिब की 119वीं जयंती पर अंतर-विद्यालयीन निबंध, लेखन एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का अंतिम चरण तथा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें 10 स्कूलों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में साधु वासवानी स्कूल एवं मुकिता इन्टरनेशनल स्कूल के 6 विद्यार्थियों ने पुरस्कार प्राप्त किए।

अंतर-विद्यालयीन निबंध लेखन एवं तत्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग निबंध प्रतियोगिता में छात्र मानव राजपूत प्रथम, परी सोनगरा तृतीय, जतिन रीझवानी चतुर्थ एवं सीनियर वर्ग निबंध प्रतियोगिता में छात्रा कंचन मेवाड़ा द्वितीय, रिद्धि लालवानी चतुर्थ व तत्कालिक भाषण प्रतियोगिता में तुषार वीधानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व नगर का नाम रोशन किया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी, प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल, उप प्राचार्या स्वाति कलवानी, पीआरओ दीपा आहूजा एवं शाला परिवार ने बच्चों को बधाई दी।

## कराटे प्रतियोगिता में मिठी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

कोलार रोड स्थित सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में अंतर विद्यालयीन कराटे प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। वर्ल्ड फुनाकोशी शोटोकान कराटे ऑर्गनाइजेशन। भोपाल द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता जिला स्तरीय थी। इस शानदार प्रदर्शन के साथ विजेता छात्रों ने 12 अक्टूबर को मांडू में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास के लिए भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

## शिक्षक-विद्यार्थी मिलकर करें अपने राष्ट्र का नवनिर्माण: विधायक

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा थे। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद अध्यक्ष दयालदास डेटानी और महासचिव राजेंद्र ने विधायक शर्मा का स्वागत किया।

रामेश्वर शर्मा ने शिक्षकों को उपहार, पुष्पगुच्छ और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। शर्मा ने छात्रों से कहा कि शिक्षक और छात्र मिलकर समाज और राष्ट्र का नवनिर्माण कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र को बचाने और उसे मजबूत करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, माता-पिता और गुरुजन ही आपके सही सपनों को चुनते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए लगातार प्रयास करते हैं। साधु वासवानी एजुकेशन सोसाइटी के महासचिव राजेंद्र मनवानी ने शिक्षकों के परिश्रम, कार्य और महाविद्यालय के प्रति उनके समर्पण की सराहना की. वहीं, प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कॉलेज की प्रगति और शिक्षकों के प्रयासों पर प्रकाश डाला. उन्होंने छात्रों को गुरुजनों का सम्मान करने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संदेश दिया, ताकि वे एक सच्चे और जिम्मेदार नागरिक बन सकें. कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुप्रिया दास और महाविद्यालय के छात्रों द्वारा किया गया. इस अवसर पर सोसाइटी के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




## पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता: आलोक

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर महात्मा गांधी की जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। गुरुनानक मंडल की कार्यशाला का आयोजन नानक टेकरी स्थित बल्लूमल कम्युनिटी हॉल में किया गया। सांसद आलोक शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्हें विश्व का सबसे लोकप्रिय नेता बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान सेवा और समर्पण का प्रतीक है, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना है। इस दौरान हर कार्यकर्ता को जनकल्याण के कार्यों से जोड़ा जाएगा।

भाजपा जिला प्रभारी महेंद्र यादव ने बताया कि इस सेवा पखवाड़े के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें प्रबुद्ध सम्मेलन, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और रक्तदान शिविर शामिल हैं। इस अभियान के तहत 17 सितंबर को रक्तदान शिविर और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 75 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। 2 अक्टूबर तक स्वास्थ्य केंद्रों की मदद से लगातार स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा, प्रदेश प्रवक्ता दुर्गेश केसवानी, पूर्व पार्षद महेश मकवाना और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर**

### जीआरआईएचए सम्मेलन में पर्यावरण में नवाचार, दृढ़ता और स्थिरता पर विशेष ज़ोर

# ‘विकसित भारत 2047’ के लिए हरित भवन बनाएं

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

ग्रीन रेटिंग फॉर इंटिग्रेटेड असेसमेंट काउन्सिल द्वारा 8वां जीआरआईएचए क्षेत्रीय सममेलन हुआ, जिसमें नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, शैक्षणिक विशेषज्ञ एवं स्थिरता के अभ्यासकर्ता शामिल हुए। ‘क्लाइमेट-रेजिलिएंट वर्ल्ड के लिए नवाचार पर ज़ोर देता है कि भारत के दीर्घकालीन जलवायु लक्ष्यों और विकसित भारत 2047 की दृष्टि के अनुरूप समावेशी, अनुकूलनशील और जलवायु-प्रति-साधारण अवसंरचना बनाने के लिए नवाचार की तीव्र आवश्यकता है।

प्रारंभ सत्र में हिंदी में एक जीआरआईएचए प्रकाशन जारी किया गया, जिसमें टिकाऊ निर्माण प्रबंधन, डिजाइन कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव से जुड़े दिशा-निर्देश शामिल हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के नवोदय विद्यालय समिति की पीएमश्री स्कूलों को जिन्होंने जीआरआईएचए ईस्टिंग स्कूल श्रेणी के तहत 4 और 5 स्टार रेटिंग प्राप्त की है, हरित-शिक्षण वातावरण बनाने की उनकी पहलों के लिए सम्मानित किया गया।




जीआरआईएचए काउन्सिल के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ निदेशक संजय सेठ ने कहा कि विश्व स्तर पर हर कोई जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई की बात कर रहा है, लेकिन वाकई मायने रखता है। उन चर्चाओं को ठोस कार्रवाई में बदलना। नवोदय विद्यालय समिति के उपायुक्त आरके वर्मा ने कहा, जलवायु परिवर्तन की क्रांतिकारी यात्रा में हमारे छात्रों और कार्यबल की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करना आवश्यक है। हमारी युवा पीढ़ी की रचनात्मकता और हमारे विशेषज्ञों की प्रतिबद्धता यह निर्धारित करेगी कि हम जलवायु परिवर्तन के प्रति कितने सतत और प्रयासरत रहेंगे। मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त ललित कृष्ण सिंह देहिया ने भी बच्चों को प्रेरित किया।

मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने कहा कि आज हम नवीकरणीय ऊर्जा की अनदेखी नहीं कर सकते। सौर ऊर्जा एक व्यवहार विकल्प बन चुकी है, और हम मध्यप्रदेश में हरित ऊर्जा उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसका लक्ष्य है कि हमारे कुल बिजली खपत का 50 प्रतिशत हिस्सा नवीकरणीय स्रोतों से आए। इस बदलाव के सकारात्मक प्रभाव आने वाले वर्षों में स्पष्ट होंगे और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों की रक्षा करें।

## मिठी और नवनिध के टीचर्स एवं अन्य स्टाफ के स्वास्थ्य की जांच



हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

स्वामी हिरदाराम साहिब की 119वीं जयंती पर शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी ने कर्मचारियों के लिए निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया। सेवा, स्वास्थ्य और समर्पण की भावना से प्रेरित यह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 13 से 21 सितंबर 2025 तक सोसाइटी के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत मिठी गोबिंदराम और नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल से हुई, जहां सभी शिक्षकों और कार्यालयीन कर्मचारियों की सेहत की जांच की गई।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ ने कहा, स्वस्थ शरीर में ही श्रेष्ठ कार्यों की क्षमता होती है। सभी शिक्षकगण इस अवसर का लाभ लेकर अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। यह शिविर केवल स्वास्थ्य परीक्षण नहीं, बल्कि सेवा की भावना का विस्तार है। संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा, कर्मचारियों का स्वास्थ्य हमारी संस्था की कार्यकुशलता और दीर्घकालिक सेवा भावना से जुड़ा हुआ है। यह शिविर न केवल चिकित्सा सुविधा है, बल्कि हमारे मूल्यों की सजीव अभिव्यक्ति भी है। शिविर में मुख्य रूप से रक्त परीक्षण, मूत्र परीक्षण, नेत्र परीक्षण और दंत परीक्षण किया गया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मैनिट में तूर्यनाद-25 कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग विद्यार्थी राजा के साथ सेल्फी ली और उत्साहवर्धन किया।

### जनसम्पर्क की कार्यप्रणाली को सराहा

# महाराष्ट्र सरकार के सूचना - जनसम्पर्क अधिकारियों का दल आया मध्यप्रदेश

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

मध्यप्रदेश राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं को राज्य के नागरिकों तक पहुँचाने के लिए मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग आधुनिक तकनीक का उपयुक्त उपयोग कर रहा है। यहाँ पारंपरिक माध्यमों के साथ नवीनतम डिजिटल और सोशल मीडिया का भी प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा रहा है।

महाराष्ट्र सरकार के सूचना और जनसंपर्क महानिदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अध्ययन दल ने जनसंपर्क विभाग और म.प्र. माध्यम संस्थान का दौरा किया और विभाग एवं माध्यम संस्थान के कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अध्ययन दल में सूचना और जनसंपर्क महानिदेशालय के उपसंचालक (प्रशासन) गोविंद अहंकारी, वरिष्ठ सहायक संचालक (सूचना) नंदकुमार वाघमारे, सहायक संचालक (सूचना) गजानन पाटील, सहायक संचालक (सूचना) सचिन ढवण, सहायक संचालक (सूचना) धोंडिराम अर्जुन शामिल थे।



उप संचालक अहंकारी ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी में हो रही प्रगति से मीडिया में लगातार नए परिवर्तन हो रहे हैं। इन परिवर्तनों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश का जनसंपर्क विभाग उसी प्रकार से अद्यतन है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से ऐसी नई तकनीकों को अपनाने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। इस प्रक्रिया में यह जानना जरूरी है कि अन्य राज्यों में सूचना और प्रचार के लिए किस प्रकार आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है और क्या उससे हम कुछ नया सीख सकते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के नए युग में हो रहे परिवर्तनों का सामना करने के लिए महाराष्ट्र सरकार के सूचना और जनसंपर्क महानिदेशालय द्वारा अन्य राज्यों के जनसंपर्क विभाग के कार्यप्रणाली की जानकारी लेने हेतु अध्ययन दौरे आयोजित किए गए हैं।

### पीएम मित्रा पार्क से मध्यप्रदेश बनेगा देश की कॉटन कैपिटल

# सीएम ने किया दावाः वैश्विक बाजार से जुड़ेंगे मप्र के कपास उत्पादक किसान

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जैविक कपास उत्पादन में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में है। देश में जितना जैविक कपास उत्पादन होता है उसमें मध्यप्रदेश का योगदान लगभग 40 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धार जिले में प्रथम पीएम मित्रा पार्क के शिलान्यास से मध्यप्रदेश देश की कॉटन कैपिटल बन जायेगा।

कपास उत्पादक किसानों का सीधा संपर्क अंतर्राष्ट्रीय बाजार से हो जायेगा। पीएम मित्रा पार्क किसानों की मेहनत को वैश्विक पहचान दिलाने वाला ऐतिहासिक क्षण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसे प्रदेश के औद्योगिक भविष्य की आधारशिला और किसानों के लिए नई संभावनाओं का द्वार बताया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि से किसानों की उपज खेतों से सीधे वैश्विक बाजार तक पहुँच जायेगी। इसमें मध्यप्रदेश की कपास उत्पादक धरती सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इस पार्क से कपास उत्पादक किसानों की समृद्धि के नये द्वार खुलेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि पीएम मित्रा पार्क किसानों, श्रमिकों, महिलाओं और युवाओं का जीवन बदलने वाली औदयोगिक परियोजना है। कपास उत्पादक किसान अब सीधे कपास आधारित उद्योगों से जुड़ जायेंगे, जिससे मध्यप्रदेश का कपास केवल फसल न रहकर प्रदेश की औद्योगिक पहचान बनेगा।

मध्यप्रदेश कपास उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। प्रदेश के मालवा अंचल के जिलों में सबसे ज्यादा कपास उत्पादन होता है। इनमें प्रमुख रूप से इंदौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खरगौन, बड़वानी, खण्डवा और बुरहानपुर शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों में कपास उत्पादन की स्थिति अच्छी रही है। वर्ष 2022-23 में 8.78 लाख मीट्रिक टन, 2023-24 में 6.30 लाख मीट्रिक टन और 2024-25 में 5.60 लाख मीट्रिक टन कपास उत्पादन हुआ। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य जिलों में भी कपास की अच्छी फसल ली जाती है।




### सर्व-सुविधायुक्त होगा पीएम मित्रा पार्क

करीब 2,158 एकड़ में विकसित हो रहा पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां 20 MLD का कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, 10 MVA का सौर ऊर्जा संयंत्र, पानी और बिजली की पुख्ता आपूर्ति, आधुनिक सड़कें और 81 प्लग-एंड-प्ले यूनिट्स जैसी व्यवस्थाएँ विकसित की जा रही हैं। श्रमिकों और महिला कर्मचारियों के लिए आवास और सामाजिक सुविधाएं इसे केवल औद्योगिक क्षेत्र नहीं, बल्कि आदर्श औद्योगिक नगर का रूप देती हैं।

### निवेशकों ने जताया भरोसा

निवेशकों ने भी भरोसा जताते हुए पीएम मित्रा पार्क में अब तक 27 हजार 109 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव दिये हैं। यह निवेश उद्योगों की स्थापना के साथ स्थानीय लोगों के लिए नए रोजगार का मार्ग प्रशस्त करेगा। वस्त्र क्षेत्र के बड़े संगठनों और उद्योग समूहों ने यहां निवेश करने की इच्छा जताई है। इससे न केवल प्रदेश को औद्योगिक लाभ मिलेगा, बल्कि निर्यात भी बढ़ेगा। धार से तैयार वस्त्र और परिधान अब सीधे ग्लोबल मार्केट में पहुंचेंगे। जल्दी ही मध्यप्रदेश की पहचान अब टेक्सटाइल हब के रूप में होने लगेगी।

### प्रधानमंत्री के विजन पर केन्द्रित है पार्क की थीम

प्रधानमंत्री मोदी के विज़न के अनुरूप यह पार्क फार्म से फाइबर, फैक्ट्री से फैशन और विदेश की संपूर्ण वैल्यू चैन बनायेगा। किसानों से प्राप्त कच्चा कपास उद्योगों में धागा बनेगा, वहीं से वस्त्र और परिधान तैयार होंगे और यही उत्पाद विदेशों तक जाएंगे। इस तरह पूरी वैल्यू चैन एक ही स्थान पर पूरी होगी। यही इस पार्क की विशिष्टता होगी और अन्य पार्कों में आदर्श बनायेगी।

### काउंसिलिंग की अंतिम तारीख 30 सितंबर

# अधर में अटकी मप्र के 400 कॉलेजों की मान्यता, टेंशन में आए छात्र, परिजन भी चिंतित



**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

**मध्य प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। राज्य में करीब 400 नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं। इनमें 33 नए और 370 पुराने कॉलेज शामिल हैं, जिसमें निजी और शासकीय दोनों तरह के कॉलेज आते हैं। इंडियन नेशनल काउंसिल ने प्रवेश के लिए 30 सितंबर अंतिम तिथि तय की है, लेकिन अब तक इन कॉलेजों को मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल से मान्यता नहीं मिल पाई है।**

मान्यता न मिलने से छात्रों और अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। यदि मान्यता के बिना प्रवेश होता है तो भविष्य में डिग्री और नौकरी से जुड़ी परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि नर्सिंग शिक्षा से जुड़े ऐसे हालात छात्रों के करियर पर सीधा असर डाल सकते हैं।

### असमंजस की स्थिति छात्र और अभिभावक

छात्रों का कहना है कि प्रवेश की समयसीमा करीब है, लेकिन मान्यता न मिलने के कारण वे असमंजस की स्थिति में हैं। कई अभिभावक भी चिंतित हैं कि अगर बच्चों ने दाखिला लिया और बाद में कॉलेज को मान्यता नहीं मिली तो पढ़ाई और समय दोनों व्यर्थ हो जाएंगे।

प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही सभी कॉलेजों को मान्यता प्रदान कर दी जाएगी। छात्रों और अभिभावकों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।-
**मनोज सरेआम, चेयरमैन, मप्र नर्सिंग काउंसिल।**

### संघ प्रमुख डॉ. भागवत आज करेंगे कृपासार का विमोचन

# सीएम यादव सहित कई मंत्री मौजूद रहेंगे; विहिप के अधिवेशन में भी भाग

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

**संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 14 सितंबर को नर्मदा खंड सेवा संस्थान द्वारा ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कृपा सार पुस्तक का विमोचन करेंगे।**



यह पुस्तक पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल की लिखी हुई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, मंत्री विश्वास सारंग, राकेश शुक्ला, चैतन्य काश्यप आदि भी शामिल होंगे। उधर, संघ प्रमुख की मौजूदगी के दौरान विश्व हिंदू परिषद की अखिल भारतीय लीगल सेल का दो दिवसीय चौथा अधिवेशन 13 और 14 सितंबर को मधुर मिलन गार्डन, पीपल्यापाला तालाब पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें देश के अलग-अलग राज्यों से 250 से अधिक वरिष्ठ अधिवक्ता, सेवानिवृत्त न्यायाधीश, विधि विशेषज्ञ और विहिप के वरिष्ठ पदाधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

## एमपी कांग्रेस में राजीव सिंह बने स्टेट कनेक्ट सेंटर के प्रभारी

**भोपाल।** एमपी कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए नए-नए प्रयोग कर रही हैं। पदाधिकारियों को नियुक्ति की जा रही है। इसी कड़ी एक्सीडेंट के चलते लंबे समय से पार्टी के कामों से दूर रहे वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजीव सिंह को एक बार फिर से नई जिम्मेदारी दी गई गई है। राजीव सिंह को स्टेट कनेक्ट सेंटर का प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रदेश संगठन प्रभारी संजय कामले का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संगठनात्मक मजबूती और प्रभावी समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण नियुक्ति की है।





बैतूल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल विधानसभा के आठनेर मंडल के विभिन्न ग्रामों में प्रवास कर कार्यकर्ताओं और आमजनता से मुलाकात कर संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने तुलादान करने के साथ जगह-जगह भव्य स्वागत किया। उन्होंने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के निवास पहुंचकर कुशलक्षेम जाना।

# लोकमाता देवी की प्रतिमा 108 नदियों के जल से जलाभिषेक



**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल ने इंदौर में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मती सुमित्रा महाजन और स्थानीय विधायक गोलू शुक्ला के साथ इंदौर के राजवाड़ा स्थित लोकमाता देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा का 108 नदियों के जल से अभिषेक किया। इस मौके पर मंत्री पटेल ने कहा कि माँ नर्मदा और देवी अहिल्या का इंदौर से अटूट संबंध है। माँ नर्मदा मैया अत्यंत पावन है। तीस वर्ष पूर्व मैंने पहली बार माँ नर्मदा की परिक्रमा की थी।

**मेट्रो एंकर** | डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म आईजीओटी पोर्टल पर दो सौ से अधिक हिंदी के प्रशिक्षण

# लोकसेकः डिजिटल प्रशिक्षण कोर्स तैयार करने में मप्र अव्वल

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत लोक सेवकों की कार्यदक्षता बढ़ाने उन्हें डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म आईजीओटी पोर्टल पर पंजीकृत कर लिया गया है। अभी तक 3 लाख 34 हजार लोक सेवकों को आवश्यक विषयों में प्रशिक्षण भी आवंटित किया गया जा चुका है।

मध्यप्रदेश सर्वाधिक डिजिटल प्रशिक्षण iGOT पोर्टल पर निर्मित करने वाला पहला राज्य बन गया है और सबसे अधिक लोकसेवकों को iGOT पोर्टल पर पंजीकृत करने वाला तीसरा राज्य है। सभी राज्य प्रशासनिक प्रशिक्षण अकादमियों में म.प्र. की आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी अपने प्रयासों में अग्रणी अकादमी है। आईगाट - iGOT पोर्टल पर 1800 से अधिक अंग्रेजी तथा आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल द्वारा तैयार 200 से अधिक हिंदी के प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर केन्द्र सरकार द्वारा लोकसेवकों की कार्यक्षमता बढ़ाने और उनको नागरिक केन्द्र?त होकर कर्मयोगी के रूप में दक्षतापूर्वक अपनी भूमिका निभाने मिशन कर्मयोगी वर्ष 2020 में लागू किया गया था। यह आनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करने का ऐसा प्लेटफार्म है जिसके माध्यम से सरकारी अधिकारी-कर्मचारी कहीं भी - कभी भी - किसी भी स्थान से अपनी सुविधानुसार स्व-प्रशिक्षित हो सकते हैं। वे अपनी दक्षता और ज्ञान बढ़ाने अपने विभाग से संबंधित विषयों पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित हो सकते हैं। इसके अलावा अपनी रूचि अनुसान अन्य विभागों के लिए बने पाठ्यक्रमों में भी प्रशिक्षित हो सकते हैं।




### 15 से 19 सितम्बर तक कर्मयोगी iGOT पर सीखें सप्ताह का आयोजन

यह प्रशिक्षण सभी विभागों में कार्यरत विभिन्न कैडर्स के लोक सेवकों के लिए प्रासंगिक है। इनमें हृक्क्र, सिविल सेवा आचरण नियम, यात्रा भत्ता नियम, भंडार क्रय नियम, RTI, E-office, जैसे अन्य कई विषयों पर पाठ्यक्रम बनाए गए हैं, जिन पर लोक सेवक प्रशिक्षित हो सकते हैं। साथ ही सभी विभागों की कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यों पर विभिन्न डिजिटल पाठ्यक्रम निर्मित किए गए हैं, जिनसे अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यस्थल पर ही प्रशिक्षण प्राप्त कर दक्ष हो सकें। अकादमी के महानिदेशक, श्री सचिन सिन्हा के नेतृत्व में आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी द्वारा 15 से 19 सितम्बर तक सभी विभागों में कर्मयोगी द्वत्नहृञ्ज पर सीखें सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 15 सितम्बर को इसका शुभारंभ किया जाना प्रस्तावित है।

दोपहर मेट्रो

संडे लाइफ

भोपाल, रविवार, 14 सितंबर 2025



## फिटनेस फोकस

# शरीर और दिमाग की हेल्थ के लिए कार्डियो से लेकर माइंडफुल ट्रेनिंग तक का नया ट्रेंड

**हर साल फिटनेस की दुनिया में कुछ नया ट्रेंड आता है, लेकिन 2025 के ट्रेंड्स सिर्फ शरीर नहीं, मानसिक और भावनात्मक सेहत को भी ध्यान में रख रहे हैं। अमेरिका में जो ट्रेंड्स उभरकर सामने आए हैं, वे न सिर्फ इंटरनेशनल जिम्स और फिटनेस ऐप्स का हिस्सा बन रहे हैं, बल्कि आम लोगों की लाइफस्टाइल का भी अहम हिस्सा बनते जा रहे हैं।**



Zone 2 कार्डियो, जो अब तक सिर्फ एथलीट्स में लोकप्रिय था, अब आम फिटनेस शौकीनों में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसके साथ ही मोबिलिटी ट्रेनिंग, माइंडफुल मूवमेंट्स, और फंक्शनल फिटनेस को अब सिर्फ जिम तक सीमित न मानें,ये अब घर-घर में अपनाए जा रहे हैं। इनका लक्ष्य केवल पतला दिखना नहीं, बल्कि शरीर की संपूर्ण कार्यक्षमता और मानसिक संतुलन को सुधारना है।

### कम मेहनत, लंबा फायदा

Zone 2 कार्डियो का मतलब है उस लेवल की कार्डियो एक्सरसाइज, जिसमें दिल की धड़कन थोड़ी बढ़े लेकिन आप आराम से सांस ले सकें और बातचीत कर सकें। यह फैट बर्निंग और स्टैमिना बढ़ाने के लिए सबसे असरदार माना जा रहा है। ट्रेडमिल पर हल्का रन, लंबी वॉक या साइक्लिंग इसके उदाहरण हैं। इसका खास फायदा यह है कि यह ज्यादा थकाता नहीं लेकिन शरीर को अंदर से मजबूत बनाता है। हार्ट हेल्थ, डायबिटीज कंट्रोल और मेटाबॉलिज्म सुधारने में यह बेहद कारगर है। मोबिलिटी ट्रेनिंग का मकसद शरीर के जोड़ (जॉइंट्स) की मूवमेंट रेंज को बेहतर करना है। आज की लाइफस्टाइल में ज्यादातर लोग बैठने और स्क्रीन पर समय बिताने के कारण जकड़न महसूस करते हैं। मोबिलिटी एक्सरसाइज जैसे हिप ओपनर्स, स्पाइन ट्विस्ट्स और शोल्डर रोल्स शरीर को लचीला बनाते हैं। इससे चोट लगने का खतरा कम होता है और रोजमर्रा के काम आसान हो जाते हैं। यह एक्सरसाइज युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए जरूरी है, खासकर उन लोगों के लिए जो लंबे समय तक बैठकर काम करते हैं।

### दिमाग और शरीर का तालमेल

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में माइंडफुल मूवमेंट्स का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। इसमें एक्सरसाइज करते समय पूरी एकाग्रता शरीर की गति और सांसों पर रखी जाती है। योग, ताई ची और धीमी स्ट्रेचिंग मूवमेंट्स इसके उदाहरण हैं। इससे मानसिक तनाव कम होता है, नींद सुधरती है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। माइंडफुल मूवमेंट्स केवल बॉडी फिटनेस नहीं, बल्कि इमोशनल बैलेंस और अंदरूनी शांति लाने का काम करते हैं। यह खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो मानसिक थकान या एंग्जायटी से जूझ रहे हैं।

### फिट रहने के लिए आराम जरूरी

फिटनेस में अब सिर्फ वर्कआउट नहीं, रिकवरी और अच्छी नींद को भी उतनी ही अहमियत दी जा रही है। स्ट्रेचिंग, ब्रीदिंग एक्सरसाइज, फोम रोलिंग और पर्याप्त नींद जैसे रिकवरी उपाय शरीर को रिलैक्स करने के साथ मसल्स को रिपेयर भी करते हैं। 2025 के ट्रेंड्स इस बात पर जोर दे रहे हैं कि No Pain No Gain का जमाना गया– अब Smart Recovery for Long-Term Fitness का दौर है। इससे न सिर्फ थकान दूर होती है, बल्कि मानसिक रूप से भी आप तरोताज़ा रहते हैं।



### रियल लाइफ के लिए फिटनेस

फंक्शनल फिटनेस का मतलब है ऐसी ट्रेनिंग जो रोजमर्रा के जीवन में आने वाले शारीरिक कार्यों को आसान बना दे। जैसे - झुकना, उठाना, खिंचाव देना। स्क्वैट्स, पुशअप्स और केटल बेल एक्सरसाइज इसमें शामिल होती हैं। यह केवल मसल्स को ही नहीं, शरीर की बैलेंस, स्ट्रेंथ और फ्लेक्सिबिलिटी को भी बेहतर बनाता है। घर के काम हो या बच्चों के साथ खेलना–यह सब आसान लगता है। यही कारण है कि यह 2025 में अमेरिका की सबसे व्यावहारिक और अपनाई जाने वाली फिटनेस तकनीकों में से एक बन गया है।

### हर पल आपकी सेहत पर नजर

अब फिटनेस केवल जिम या योगा मैट तक सीमित नहीं, बल्कि आपकी कलाई पर बंधी स्मार्टवॉच तक पहुंच चुकी है। 2025 में फिटनेस ट्रैकर्स, स्मार्ट वियर और हेल्थ मॉनिटरिंग डिवाइसेज़ का चलन और बढ़ रहा है। ये डिवाइसेज़ आपकी हार्ट रेट, नींद, कैलोरी बर्न और एक्टिविटी लेवल का रियल टाइम डेटा देते हैं, जिससे आपकी प्रोग्रेस ट्रैक करना आसान होता है। ये तकनीक उन लोगों के लिए गेम चेंजर बन रही है जो बिज़ी शेड्यूल के बीच भी फिट रहना चाहते हैं।

## जीवन -ज्योति

सिस्टर शिवानी

# किसी को क्षमा करना आंतरिक शांति के लिए सबसे बड़ा उपहार

**जब हम दूसरों को माफ कर देते हैं, तो हम खुद को उन नकारात्मक ऊर्जाओं से मुक्त करते हैं, जो हमारे मन और आत्मा पर बोझ बन सकती हैं।**



क्षमा खुद को द्वेष और नकारात्मकता के बोझ से मुक्त करने का एक तरीका है, न कि दूसरों के लिए किया गया कार्य। क्षमा करने से मानसिक शांति मिलती है और दूसरों को माफ करके हम खुद को आंतरिक शांति के करीब ले जाते हैं, जिससे जीवन में सकारात्मकता बढ़ती है। किसी को माफ करना स्वयं के लिए सबसे बड़ा उपहार है। यह हमें द्वेष और क्रोध के बोझ से मुक्त करता है, जिससे मन हल्का होता है और आंतरिक शांति मिलती है। क्षमा हमें उन भावनाओं और विचारों से मुक्त करती है जो हमें नकारात्मकता से बांधे रखती हैं। जब हम दूसरों को माफ कर देते हैं, तो हम खुद को उन नकारात्मक ऊर्जाओं से मुक्त करते हैं, जो हमारे मन और आत्मा पर बोझ बन सकती हैं। क्षमा करने की प्रक्रिया केवल दूसरों के बारे में नहीं है, बल्कि यह स्वयं को सशक्त बनाने के बारे में है। यह हमें अतीत की घटनाओं से आगे बढ़कर वर्तमान में जीने और अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करती है।

जब आप किसी को क्षमा करते हैं, तो आप वास्तव में उसे नहीं, बल्कि स्वयं को उस क्रोध, नाराजगी और दर्द से मुक्त करते हैं जो आपने उस घटना या व्यक्ति के बारे में सोचकर उत्पन्न किया है। कोई भी व्यक्ति दूसरों का दुख नहीं मिटा सकता है, लेकिन आप स्वयं अपने अंदर के दर्द को मिटा सकते हैं। क्षमा आपको इस दर्द से मुक्ति दिलाती है। क्षमा करने से मन शांत होता है और नकारात्मकता दूर होती है। यह आपको आंतरिक शांति का अनुभव कराता है। जब आप दूसरों के प्रति क्षमाशील होते हैं, तो यह आपके चरित्र को बेहतर बनाता है और आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है।

### अपने मन को बदलना

यदि कोई हमें दुख पहुँचाता है, तो उसे बार-बार याद करके हम खुद को ही सबसे ज्यादा दुख पहुँचाते हैं। क्षमा हमें इस चक्र से बाहर निकलने में मदद करती है। किसी को क्षमा करने का अर्थ है स्वयं को उस दर्द से मुक्त करना जो आपने पैदा किया है। यह एक आंतरिक प्रक्रिया है, जहाँ आप दूसरों को माफ नहीं करते, बल्कि खुद को उस दर्द से बाहर निकालते हैं। अपने मन को इस तरह बदलें कि आप खुद को दुख पहुँचाना बंद कर दें, और इसके बजाय खुद को बदलें।

जब हम क्षमा करते हैं, तो हम दूसरों के प्रति एक अधिक सकारात्मक और प्रेमपूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हैं। यह हमारे रिश्तों को भी बेहतर बनाता है और एक सकारात्मक माहौल तैयार करता है। क्षमा करना एक आध्यात्मिक अभ्यास है, जो ब्रह्माकुमारी शिक्षाओं का एक अभिन्न अंग है। यह व्यक्तिगत विकास और आध्यात्मिक प्रगति के लिए आवश्यक है। क्षमा मानसिक और भावनात्मक बोझ को कम करने और स्वयं को आंतरिक शांति और सकारात्मकता से भरने का एक शक्तिशाली साधन है।

## सितारों की बात



पंडित विष्णु राजौरिया

### मेष

मेष राशि के जातक इस सप्ताह में पिछले दिनों की अपेक्षा उत्तम सफलताएं अर्जित करेंगे। विशेष रूप से भूमि भवन और रियल स्टेट के क्षेत्र में कार्य करने वाले जातक सफलता की ओर अग्रसर होंगे। वहीं प्राइवेट सेक्टर के जातक अपने नए परिवर्तनों के साथ नई पद स्थापनाओं में उत्तम पद-प्रतिष्ठा अर्जित करेंगे।

### वृषभ

वृषभ राशि के जातकों के लिए इस सप्ताह में प्रारंभिक दो दिनों में विशेष धन लाभ अर्जित करने की संभावनाएं हैं। आप अपने व्यापार, व्यवसाय और कई क्षेत्र में स्थापित मान-सम्मान और प्रतिष्ठा का लाभ अर्जित करेंगे। अत्यंत लाभकारी सप्ताह सिद्ध होगा।

### मिथुन

मिथुन राशि के जातक इस सप्ताह में विशेष सफलताएं अर्जित कर सकते हैं। आप अपने कार्य क्षेत्र में प्रसिद्ध मान सम्मान सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा का समय रहेगा। आपके किए गए कार्यों की प्रशंसा आर्थिक क्षेत्र में विशेष रूप से का एडवोकेट्स आर्थिक जगत के कार्य करने वाले जातकों को यह सप्ताह उत्तम लाभकारी सिद्ध होगा।

### कर्क

कर्क राशि के जातक इस सप्ताह में कुछ कठिनाई का अनुभव करेंगे। अपने कार्यक्षेत्र में गुप्त अथवा प्रकट शत्रुओं का भय बना रहेगा मानसिक चिंता रहेगी घर परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब होने से आपको चिंता का कारण बन सकता है इन सबसे बचने के लिए संकटमोचन हनुमानाष्टक अथवा महामृत्युंजय मंत्र और रुद्राभिषेक का उपक्रम करें, जिससे उपरोक्त समस्याओं का संपूर्ण निराकरण होगा।

### सिंह

सिंह राशि के जातकों को पिछले दिनों आई कठिनाइयों से छुटकारा मिलेगा। इस समय आपके कार्यों के द्वारा आपको प्रशंसा मान सम्मान सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा उच्च पद स्थानांतरित होने पर उच्च पद की प्राप्ति होने के पूरे संकेत हैं। सिंह राशि के जातकों को यह सप्ताह अपने परिवार की जिम्मेदारियां को उत्तम ढंग से निभाने का सप्ताह भी साबित होगा। कई दिनों से लंबित कार्य है, इस सप्ताह में उसको पूरा कर सकेंगे।

### कन्या

कन्या राशि के जातक कुछ चिंतित मुद्रा में दिखाई पड़ रहे हैं, लेकिन सप्ताह के प्रथम दो दिनों में ही वह चिंता मुक्त दिखाई देंगे। उपरोक्त चिंता घर परिवार की आर्थिक व्यवस्था को लेकर हो सकती है। सप्ताह के अंतिम तीन-चार दिनों में उपरोक्त समस्या का निराकरण होगा आपके द्वारा किए गए कार्यों से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यवसाय व्यापार में वृद्धि होगी।

### तुला

तुला राशि विगत दिनों से निरंतर सफलता अर्जित करती आ रही है। तुला राशि के जातक सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में विशेष सफलताएं अर्जित कर रहे हैं, लेकिन आर्थिक क्षेत्र में कुछ व्यवधान बना हुआ है। भवन भूमि और अन्य व्यापार से संबंधित कृषि उपकरण, खाद-बीज से संबंधित कार्यों में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। जितने यहां पर व्यापार बताए गए हैं। उपरोक्त व्यापार में लेनदेन में आपको कष्ट हो सकता है। इसलिए तुला राशि के जातक इस सप्ताह में वरिष्ठ जनों व विशेषज्ञों से सलाह लेकर ही आगे बढ़ें।

### वृश्चिक

वृश्चिक राशि के जातक इस सप्ताह में उत्तम सफलता अर्जित करेंगे। नैसर्गिक रूप से परिश्रमी स्वभाव होने के कारण विगत दिनों से लंबित योजनाओं पर काम आगे बढ़ने लगेगा। इस समय का पूर्ण उपयोग करें पद प्रतिष्ठा मान सम्मान आर्थिक स्थिति में उत्तमता के अवसर मिलने के संकेत हैं। वृश्चिक राशि के जातकों को स्वास्थ्य संबंधी कर्म से कुछ चिंता का अनुभव हो सकता है।

### धनु:

धनु राशि के जातक बिगड़ दिनों की अपेक्षा कुछ राहत का अनुभव कर सकते हैं। वर्तमान में शनि का गोचर मीन में होने से आप निरंतर कष्ट का अनुभव कर रहे थे, लेकिन इस समय अन्य ग्रहों के गति के कारण आपको अपने कार्य क्षेत्र में स्वास्थ्य में पद प्रतिष्ठा में उत्तम लाभ होने के संकेत मिल रहे हैं। घर परिवार का कोई विशेष कार्य संपन्न होने से मन में परिवार में प्रसन्नता का अनुभव होगा।

### मकर

मकर राशि के जातक विगत कई दिनों से पीड़ा का अनुभव कर रहे थे, लेकिन आगामी सप्ताह उनके लिए सुखद और लक्ष्य प्राप्ति का सप्ताह रहेगा अत्यंत धैर्य रखने के कारण आप यह सफलता अर्जित करने में सक्षम होंगे। मकर राशि के जातकों को यह सप्ताह उनके लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा।

### कुंभ

कुंभ राशि के जातक आगामी सप्ताह में कुछ कठिनाइयों का अनुभव कर रहे हैं। अपनी इच्छा के अनुरूप कार्य न होने पाने के कारण अथवा अत्यधिक व्यस्तता होने के कारण परिवार और उनके बीच में समन्वय की कठिनाई का अनुभव कर रहे हैं। इस समय आपको अपने वाणी पर नियंत्रण रखते हुए धन के व्यय और अपव्यय के बारे में विचार करते हुए कार्यों को करने की सलाह दी जा रही है। आर्थिक लेनदेन में सावधानी रखने की आवश्यकता है।

### मीन

मीन राशि वालों को वर्तमान में ग्रह गोचर के अनुसार अत्यंत प्रतिकूल समय प्रतीत होता है, लेकिन संकट मोचन हनुमान अष्टक पुरुष वर्ग के लिए महिला वर्ग के लिए पीपल के वृक्ष में काला तिल और दुग्ध मिलकर जल चढ़ाने का उपक्रम करें। जिससे इस पीड़ा से मुक्ति मिल सकती है। विशेष रूप से वरिष्ठ आयु के जातक चलने फिरने में पद संचलन में सावधानी रखें। चोट का भय बना रहेगा। अचानक लेनदेन से बच्चे काफी सोच समझकर निवेश या कोई नया कार्य करें अन्यथा आपको नुकसान हो सकता है।

## नॉलेज -टेक्नोलॉजी

# नेपाल में पीएम सिलेक्शन -मॉस कनेक्ट के लिए जेन -जी ने किया था 'डिस्कॉर्ड एप' का इस्तेमाल




नेपाल में नए प्रधानमंत्री का चयन हो चुका है। पड़ोसी देश नेपाल को पहली बार महिला प्रधानमंत्री मिली हैं, जिनका नाम सुशीला कार्की है। कार्की को PM बनाने में वहां लोगों का हाथ तो है ही, बल्कि एक ऐप का भी है। रिपोर्ट्स में दावा है कि इसी ऐप पर हुई वोटिंग के जरिए नए प्रधानमंत्री का चयन हुआ है। इस ऐप पर ही जेन जेड (Gen -Z) ने चुनाव किया कि देश की बागडोर किसके हाथ में होनी चाहिए।

जिस ऐप पर PM के लिए वोटिंग हुई, उसका नाम डिस्कॉर्ड (Discord) है। डिस्कॉर्ड एक मैसेजिंग ऐप है, जिसे 2015 में Jason Citron और Stanislav Vishnevskiy ने बनाया था। इसे शुरू में गेमर्स के लिए बनाया गया था, लेकिन अब यह सोशल प्लेटफॉर्म बन चुका है। इस ऐप पर लोग टेक्स्ट, वॉयस और वीडियो कॉल के जरिए बात कर सकते हैं। इसमें ग्रुप होते हैं, जहां लोग अलग-अलग विषयों पर चर्चा करते हैं। डिस्कॉर्ड की खासियत है कि यह यूजर्स को आसानी से ग्रुप में शामिल होने और बातचीत करने की सुविधा देता है।

### टेक्स्ट चैनल्स और वॉयस चैनल्स

डिस्कॉर्ड का इस्तेमाल करना आसान है। यूजर्स इसे मोबाइल, डेस्कटॉप या ब्राउजर के जरिए एक्सेस कर सकते हैं। इसमें टेक्स्ट चैनल्स और वॉयस चैनल्स होते हैं। यहां बोलकर या लिखकर बातचीत हो सकती है। यूजर्स स्क्रीन शेयरिंग के जरिए गेमप्ले या अन्य चीजें दिखा सकते हैं। सर्वर में मॉडरेटर भी होते हैं, जो नियम बनाते हैं और गलत व्यवहार करने वालों या नियमों की पालना नहीं करने वालों को हटा सकते हैं। यह ऐप 2024 तक 20 करोड़ से ज्यादा यूजर्स तक पहुंच चुका है।

### जिम्मेदारों की लापरवाही का 40 दिनों बाद कृषि विभाग की रिपोर्ट में खुलासा

# वितरण केन्द्रों से बिना सैंपलिंग के ही बांट दिया अमानक खाद, खामियाजा भुगत रहे किसान

**औबेदुल्लागंज, दोपहर मेट्रो**

गौहरगंज खाद वितरण समिति पर किसानों को अमानक टीएसपी खाद बाँटने का आरोप लगा है। खाद की गुणवत्ता पर उठे सवालों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। गोहरगंज खाद वितरण समिति से किसानों को अमानक टीएसपी खाद दिए जाने का मामला सामने आया है। किसानों का कहना है कि इस खाद से फसलों में उठाव नहीं आया और उत्पादन घटने का खतरा है।

किसानों के मुताबिक टीएसपी खाद ज़मीन की उर्वरक क्षमता बढ़ाने और पैदावार सुधारने के लिए वितरित की जाती है। लेकिन घटिया खाद मिलने से उनकी मेहनत और लागत पर सीधा असर पड़ रहा है।

कृषि विभाग के अधिकारियों की सैंपल रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि टीएसपी में 46 प्रतिशत फास्फेट होना चाहिये पर जांच में 39 प्रतिशत आया है जो सैंपल मानक स्तर से कम पाए गए हैं और इसकी रिपोर्ट वरिष्ठ कार्यालय को भेज दी गई है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब एक जगह खाद अमानक निकला तो अन्य समितियों की जाँच क्यों नहीं की गई? ओबेदुल्लागंज सोसाइटी में तो 75 टन खाद किसानों को बाँट दिया गया, बिना सैंपलिंग और गुणवत्ता जाँच के। किसान नेताओं का आरोप है कि कंपनी और अधिकारियों की मिलीभगत से यह खेल किया गया है। अब वे सरकार से मांग कर रहे हैं कि अमानक खाद के कारण जो उत्पादन नुकसान होगा उसकी भरपाई क्षतिपूर्ति के रूप में की जाए।



### अमानक खाद ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी

कुल मिलाकर, किसानों की मेहनत पर अमानक खाद ने पानी फेर दिया है। सरकार खेती को लाभ का धंधा बनाने का दावा कर रही है, लेकिन विभागीय लापरवाही ही इन योजनाओं पर पलीता लगाती नज़र आ रही है। इसको लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों को फसल खराब हो रही है।

आपके द्वारा मुझे जानकारी प्राप्त हुई हैं अमानक खाद किसानों को दिया गया है तो जांच उपरांत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी ।
**–नीलेश सरवटे** नायब तहसीलदार औबेदुल्लागंज

गौहरगंज सोसाइटी से टीएसपी खाद की सैंम्पलिंग की गई हैं जो वैध मानकों पर खरा नही उतरा हैं,जिसकी रिपोर्ट वरिष्ठ कार्यालय को भेज दी गई हैं ।
**–प्रज्ञा पटेल** प्रभारी इंस्पेक्टर कृषि विभाग

टीएसपी खाद हमारे यहां 75 टन आया था जिसमे लगभग किसानों को वितरित कर दिया गया हैं आज की स्थिति में 7 टन स्टॉक में उपस्थित हैं हमारे यहां सेम्पलिंग नही की गई हैं और खाद को वितरित न करने के भी हमे कोई आदेश नही हैं ।
**–राजेश कुमार सिंह**, खाद वितरण केंद्र प्रभारी औबेदुल्लागंज

## बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार




**इटारसी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पुरानी इटारसी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस ( 17 सितंबर ) से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती ( 2 अक्टूबर ) तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अवधि में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति अभियान, आयुष्मान कार्ड वितरण तथा अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। साथ ही प्रबुद्धजन संवाद और समाजहित के विविध कार्यक्रम भी होंगे। अभियान के लिए सयोजक महामंत्री अतुल शुक्ला एवं सह सयोजक विनोद लोगरे को दायित्व सौंपा गया है। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री मुकेश मैना एवं मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष आशुतोष शरण तिवारी ,जिला मंत्री उमेश पटेल ने अपने विचार एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

## बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग



**गंजबासौदा।** नगर में बढ़ते अपराधों और नशे पर अंकुश लगाने के लिए एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष पार्थ रघुवंशी के नेतृत्व में तहसील पहुंचकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महावि?द्यालय में एक प्रोफेसर ?द्वारा छात्रा को अश्लील मेसेज किए गए थे। उस पर सख्त कार्यवाही की मांग एवं छात्राओं के साथ हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाना। वहीं प्रदेश और पूरे जिले में बढ़ते नशे को रोका जाए। छात्राओं के साथ आए दिन अपराध हो रहे है जैसे कुछ दिन पूर्व छोटी बच्ची के साथ ऑटो चालक ने घिनौना काम किया। छात्राएं सुरक्षित नहीं है। नशे के कारण रोज़ अपराध हो रहे है इसलिए छात्राओं की सुरक्षा के लिए सख्त कदम जल्द से जल्द उठाए जाएं। ज्ञापन में आकाश शर्मा, रवीन्द्र रघुवंशी, राजवर्धन राजपूत, नगर अध्यक्ष यश बालोटिया, उमेश, राघवेन्द्र, सत्यम, यश, आदिल, मयंक, लल्लू, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

## नवागत एसपी ने जिले के छह थानों का किया निरीक्षण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नए पुलिस कप्तान साईं कृष्णा एस थोटा ने पदभार ग्रहण करने के बाद शनिवार को पहली बार जिले के थानों का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने थानों में अपराधों नियंत्रण की समीक्षा की। एसपी थोटा ने नर्मदापुरम जिले के 6 थानों का पहली दौरा किया। उन्होंने नर्मदापुरम के कोतवाली थाना, देहात थाना, यातायात, इटारसी, पथरौटा और केसला थाने का निरीक्षण कर थाना प्रभारियों से अपराधों के संबंध में चर्चा की ओर मैदानी हकीकत जानी।एसपी ने अपराध नियंत्रण व जनसुविधाओं की समीक्षा की। एसपी साई कृष्णा ने थानों में उपलब्ध अभिलेखों, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति व जनता के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और न्यायसंगत समाधान किया जाए।

# रेलवे स्टेशन पर चाकू मारकर की बुजुर्ग की हत्या, शरीर पर कई जख्म, पड़ताल जारी

### सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की तलाश

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

बीती रात रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर 45 वर्षीय एक अज्ञात बाबा की चाकू से हमला कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या की सूचना लगने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। हालांकि अभी तक ना तो मृतक बाबा की पहचान हो सकी है और ना ही आरोपियों की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है तो वही बाबा की पहचान कराई जा रही है जिससे कि बाबा के घर तक सूचना दी जा सके।

हत्या के बाद बाबा के शव का पीएम स्थानीय अस्पताल में कराया जा रहा है पीएम के बाद अग्रिम कार्रवाई की बात पुलिस कर रही है ताकि मामले का खुलासा जल्द किया जा सके। थाना प्रभारी महेंद्र शाक्य ने बताया कि शव का पीएम करने के बाद अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला पंजीबद्ध किया है आरोपियों की तलाश की जा रही है शीघ्र खुलासा किया जाएगा।



### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

खास बात है की स्थानीय स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी दोनों ही पुलिस फोर्स की चौकी है और लगातार दोनों ही फ़ोर्स के अधिकारी कर्मचारी गस्त करते रहते हैं लेकिन इसके बाद भी प्लेटफार्म पर हत्या हो जाना सुरक्षा में चूक नजर आती है और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।

## नवनिर्मित सड़क और नाली निर्माण का निरीक्षण



**नर्मदापुरम।** नगरपालिका परिषद के द्वारा नगर के सभी वार्डों में विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इस कड़ी में वार्ड 17 में नाली और सड़क का निर्माण कराया गया है। नारायण नगर में नवनिर्मित सड़क और नाली का शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्डवासी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष से कहा कि कुछ स्थानों पर सड़क सकरी कर दी गई है, इस पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों को तत्काल बुलवाकर सड़क की नपाई कराई गई, जो सही पाई गई। वार्डवासियों ने संतुष्टि प्रदान करते हुए बनाई गई सड़क और नाली पर आभार व्यक्त किया। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि हमारी परिषद द्वारा नगर में अनेक ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए हैं जो किसी समय असंभव हुआ करते थे। नगर के सभी वार्डों में बगैर किसी भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे हैं। नगरपालिका नगर विकास के प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में मां नर्मदा की कृपा से नर्मदापुरम् नए लुक में दिखेगा।

## शिक्षक नहीं हटे तो स्कूल में लगा देंगे ताला



**सिवनी मालवा।** विकासखंड के अंतिम पंक्ति में आने वाले ग्राम ढेकना मे शनिवार के दिन शासकीय माध्यमिक स्कूल में ग्रामीणों ने शिक्षकों का जमकर विरोध किया ! ग्रामीणों ने स्कूल में पहुंचकर भारी हंगामा कर शिक्षकों के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि टिमरनी से आप डाउन कर रहे प्रधान पाठक इंदु राव ममता चरपे और दीपक तिवारी समय पर स्कूल नहीं आते हैं और कभी-कभी आते भी हैं तो बच्चों पर पढ़ाई पर ध्यान नहीं देते हैं जिसके कारण बच्चों की शिक्षा का स्तर निरंतर गिरते जा रहा है ! वहीं शुक्रवार के दिन एक महिला टीचर द्वारा छोटी बच्ची की पिटाई से भी ग्रामीणों में आक्रोश है ! नाराज परिवार एवं ग्रामीणों ने स्कूल में जमकर हंगामा किया। जब इस पूरे मामले की जानकारी बीआरसी संगीता यादव को मिली तो वो तत्काल ग्राम पंचायत ढेकना पहुंची जहां पर शिक्षकों की स्कूल में पढ़ाई नहीं करवाने की शिकायत ग्रामीणों ने भी बताई साथ ही ग्रामीणों ने मांग की है, जब तक स्कूल का समस्त स्टाफ नही हटेगा तब तक हम हमारे बच्चों को स्कूल नही भेजेंगे स्कूल में तालाबंदी कर देंगे ! इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी भी की।

## अभियान के तहत पंखे किए दान



**इटारसी, दोपहर मेट्रो**


कलेक्टर नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम से डीपीसी डा. राजेश जायसवाल द्वारा एक पंखा पितृ के नाम अभियान प्रारम्भ किया गया है, जिसके तहत जनपद शिक्षा केंद्र केसला से श्रीमती रत्ना सोनिया बी आर सी सी केसला, शालीन दास बी ए सी केसला एवं जगत गौर द्वारा एसडी एम इटारसी, तहसीलदार इटारसी एवं जन प्रतिनिधियों से सम्पर्क कर शासकीय शालाओं में पंखा भेंट देने हेतु योजना पर चर्चा की , जिसके लिए इस पुण्य कार्य में पंखे भेंट हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई। जनपद शिक्षा केंद्र केसला के तत्वाधान में एस डी एम टी प्रतीक राव द्वारा जन शिक्षा केंद्र पथरौटा की प्राथमिक शाला नयाखेड़ा से केसला विकास खंड की शासकीय शालाओं में 10 पंखें वितरित किये।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान, जांच शुरू

**खरगोन, दोपहर मेट्रो**

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में शनिवार दोपहर एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया। 38 वर्षीय महिला के इस कदम से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरा मोहल्ला सदमे में है। वहीं पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच की दिशा तेज कर दी है।

जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान सुनिता पति गौरीशंकर ( 38 ) के रूप में हुई है। दोपहर के समय सुनिता ने अपनी 8 वर्षीय बेटी को गरबा सीखने के लिए भेजा और घर में अकेले रहने के दौरान पंखे पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पति गौरीशंकर मजदूरी का काम छोड़कर घर आया, लेकिन तब तक सुनिता की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। प्रारंभिक जांच में किसी तरह की संदिग्ध वस्तु या सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों के



प्रारंभिक बयान दर्ज किए गए हैं, जिनमें उन्होंने सुबह घर का माहौल सामान्य बताया। कोतवाली टीआई ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए हर पहलू से जांच की जा रही है। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलित किए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की दिशा तय होगी। साथ ही परिजनों और नजदीकी रिश्तेदारों से भी विस्तृत बयान लिए जाएंगे, ताकि मानसिक तनाव, घरेलू विवाद या किसी अन्य कारण की पुष्टि हो सके।

## जांच के बाद मेडिकल स्टोर सील

**सागर।** केसली के ग्राम सहजपुर में संचालित राजेश मेडीकल स्टोर संचालक जिनेन्द्र जैन के मेडीकल स्टोर की जांच की गई. केसली तहसीलदार, बीएमओ, राजस्व निरीक्षक , हल्का पटवारी सहजपुर, डॉक्टर विकास अग्रवाल व अन्य स्टाफ के साथ मेडीकल संचालित होने के दस्तावेज व मेडीकल में उपलब्ध दवाईयों का निरीक्षण किया। मेडीकल संचालक द्वारा विगत 03-04 वर्षों के एक्सपायर डेट की दवाईयों की दो बोरिया निकाली गई। मेडीकल संचालक का मेडीकल चलानें के संबंध में लायसेंस एक्सपायर हो चुका है तथा मेडीकल संचालक जिनेन्द्र जैन द्वारा अवैध रूप से अनाधिकृत दवाओं का विक्रय करना पाया गया। अनियमितताओं के कारण राजेश मेडीकल स्टोर सील किया गया।

## कार्यप्रणाली के खिलाफ आंदोलन छेड़ेगी कांग्रेस

**सागर।** नगर की समस्याओं और नगर निगम की कार्यप्रणाली के विरोध में अब शहर जिला कांग्रेस आंदोलन छेड़ने जा रही है. आंदोलन की रूपरेखा बनाने बैठक का आयोजन किया गया. जिलाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी महेश जाटव ने कांग्रेस पार्षद दल की समीक्षा बैठक ली गई. बैठक में नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं पार्षदों की अनदेखी पर विस्तृत चर्चा की गई। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव ने कहा कि निगम भ्रस्टाचार का अड्डा बन गया है. आम जनता परेशान है, लोग मूलभूत सुविधाएं भी प्राप्त नहीं कर पा रहे. स्मार्ट सिटी में शहर की नालियां खुली पड़ी है. मच्छरो का प्रकोप है। हमने निगम प्रशासन से अनेक बार कहा लेकिन पार्षदों की ही बाते नहीं सुनी जाती हैं. जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव नें सभी पार्षदों से उनकी परेशानी सुनी और कहा कि में निगम मे भ्रस्टाचार का बोलबाला है।

**मेट्रो एंकर** नेशनल लोक अदालत में 16.92 करोड़ रुपए से अधिक के अवार्ड पारित

# पति-पत्नी के बीच हुई सुलह, साथ रहने को हुए राजी

**सागर, दोपहर मेट्रो**

नेशनल लोक अदालत में जिले की 50 खंडपीठों में 3976 प्रकरण निराकृत कर 16.92 करोड़ रुपए से ज्यादा राशि के अवार्ड पारित किए गए। जिला मुख्यालय पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ अवसर पर अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सह प्रधान जिला न्यायाधीश महेश कुमार शर्मा ने कहा कि समय-समय पर आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के माध्यम से पक्षकार द्वारा अपना मामला निराकृत कराने से उनके समय व धन की बचत होती है। प्राधिकरण के सचिव अंकित श्रीवास्तव ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के लिए जिले में कुल 50 खंडपीठों का लिने किया गया, जिसमें न्यायालय में लंबित प्रकरणों में से 1773 प्रकरण व प्री-लिटिगेशन के 2203 प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के आधार पर किया गया. मोटर दुर्घटना के 155 प्रकरणों का निराकरण कर क्षतिपूर्ति राशि 3 करोड़ 55 लाख 27 हजार 231 रूपए के अवार्ड पारित किया है। चैक बाउंस के 302 प्रकरणों के निराकरण में 6 करोड़ 67 लाख 97 हजार 480 रूपए



के समझौता अवार्ड, आपराधिक प्रकृति के शमन योग्य 724 प्रकरण, बिजली कंपनी के 199 प्रकरण, पारिवारिक विवाद के 138 प्रकरण अन्य प्रकृति के 247 प्रकरण, बैंक रिकवरी के 3 प्रकरणों का निराकरण किया गया। बैंकों के 237, बिजली कंपनी के 274, नगर निगम के 1056 व अन्य प्रकृति के 600 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण भी हुआ, जिसमें 3 करोड़ 46 लाख 70 हजार 121 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला न्यायाधीश एमके शर्मा के न्यायालय में लंबित मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित तीन प्रकरणों का निराकरण किया गया। पहले मामले में पीड़िता को एक माह के अंदर 16 लाख रुपए, दूसरे प्रकरण में 11 लाख रुपए और तीसरे मामले में 1,40 लाख रुपए में आपसी राजीनामा कर निराकृत कराया गया। वहीं कुटुम्ब न्यायालय में लंबित पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद में अखिलेश कुमार मिश्र पीठासीन अधिकारी, परिवार न्यायालय ने दोनों पक्षों के बीच सुलह कराई, ने जिसके बाद दोनों एक साथ रहने के लिए राजी हुए .

## योगेश का सीएमओ पद के लिए चयन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा राज्य सेवा परीक्षा-2024 के साक्षात्कार के परिणाम घोषित हुए हैं, नर्मदापुरम के पिपरिया थाना में कार्यरत एमएस वट्टी के पुत्र योगेश वट्टी का मुख्य नगर पालिका अधिकारी पद पर चयन हुआ है। योगेश का मूल निवास स्थान बैतूल है। वे महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर पर फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनकी रुचि फुटबॉल खेलने में है। योगेश का कहना है कि वे शासकीय सेवा में धैर्य, नेतृत्व क्षमता और निष्पक्षता के साथ समाज की सेवा करना चाहते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने बेहतर आजीविका प्रदान करने और जनकल्याण कार्यों में योगदान देना है।

## लापरवाही: कई शिकायतों के बाद भी अधिकारी नहीं देते ध्यान

# 10 किमी के मार्ग पर सैकड़ों मवेशियों का डेरा, वाहन चालक होते हैं हादसे का शिकार

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से लोग त्रस्त हैं। गांव व शहर की सड़कें हों या फिर नगर से लगा हुआ हाइवे आवारा मवेशियों का डेरा हर जगह है। ऐसे में राहगीरों के लिए सड़कें लगातार असुरक्षित बनी हुई हैं। आवारा मवेशियों की वजह से प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। इसमें न सिर्फ लोग घायल हो रहे हैं बल्कि मौत के शिकार भी हो रहे हैं साथ ही आवारा मवेशी भी हादसे का शिकार हो रहे हैं और अपनी जान गंवा रहे हैं नगर की लगभग हर सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा स्टेट हाईवे 15 जबलपुर, दमोह रोड पर मवेशी देखे जा रहे हैं।

साथ ही दमोह-तारादेही मार्ग पर इन मवेशियों का झुंड बैठा हुआ नजर आ रहा हैं। वहीं रात के समय या अचानक वाहनों के सामने मवेशी आ जाने से हादसे होते रहते हैं तो वहीं वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी शासन-प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्टेट हाइवे पर जगह-जगह दर्जनों मवेशी कब्जा जमाए बैठे व खड़े रहते हैं जिसके कारण वाहन चालकों को वाहन निकालने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही रिमझिम बारिश की वजह से ये मवेशी नजर नहीं आने से दुर्घटनाएं हो रही हैं। नगर से गुजरे अधिकतर सभी मार्गों पर शाम ढलते ही मवेशियों का जमावड़ा शुरू हो जाता है।



### गौशालाएं बनीं शोपीस

मार्गों पर बैठने व विचरण करने वाले आवारा मवेशियों की देखरेख एवं सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा तेंदूखेड़ा ब्लॉक की कुछ ग्राम पंचायतों में सरकारी गौशालाएं बनवाई गई हैं लेकिन इन गौशालाओं में निर्माण में संबंधितों द्वारा गड़बड़ी कर दी गई और सरकारी राशि का आहरण कर बंदरबांट कर लिया गया। जिससे कहीं अधूरी तो कहीं बनने के बाद भी शोपीस बनकर रह गई हैं। नतीजा गौवंश को गौशालाओं में भेजने की योजना सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गई है।

### गुजरते हैं हजारों वाहन

सागर, जबलपुर और दमोह इन तीनों हाईवे पर प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। नगर की सड़कों से लोगों की आवाजाही होती है। इन वाहनों के लिए मवेशी मुसीबत बन गए है। नागरिकों द्वारा मुख्य बाजारों एवं चौराहों पर विचरण करने वाले पशुओं को हटाए जाने की शिकायतें स्थानीय प्रशासन से लगातार करते आ रहे हैं पर प्रशासन द्वारा मवेशियों को गौशाला भिजवाने या अन्य किसी स्थान पर व्यवस्थित करने के प्रति सजगता नहीं दिखाई है ये मवेशी जाम की वजह भी बन रहे हैं जो चिंता का विषय हैं।

### रात में होती है ज्यादा परेशानी

राहगीर सड़कों पर बैठे मवेशियों से दिन में किसी तरह बचते बचाते निकल जाते हैं। असली दिक्कत शाम ढलने पर रात में शुरू होती। दरअसल, रात के दौरान मवेशी आराम करने सड़कों पर ही आकर झुंड में बैठ जाते हैं सबसे ज्यादा दिक्कत भूरे और काले रंग के मवेशी पैदा करते हैं। सड़कों पर बैठे इन रंगों के मवेशी दूर से बिल्कुल नहीं दिखते है। सरकार द्वारा एक आदेश जारी किया गया था जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और खुले स्थानों पर मवेशियों व अन्य पशुओं को छोड़ने पर पशु पालक पर 1 हजार रुपए तक का जुर्मान लगाने कहा गया था। यह जुर्माना लगाने का अधिकार स्थानीय निकाय को दिया गया है। निकाय कर्मियों को पशु मालिक की पहचान करनी होगी बताया जा रहा है कि यह पहचान पशुओं के कान पर लगे टैग से होगी।

## जीवन में रंग हैं थीम पर हुए कार्यक्रम



**सागर।** पं. रविशंकर शुक्ल ईएफए शासकीय कन्या उमावि में उमंग दिवस पर उमंग है तो जीवन में रंग हैं थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में विगत वर्षों से प्रत्येक कक्षा 9 से 12 में उमंग कक्षा में विविध गतिविधियों के माध्यम से किशोरावस्था में होने वाली विभिन्न समस्याओं से निपटने की समझाइश तथा मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। विद्यालय में 56 छात्राएं आरोग्य मैसेंजर नियुक्त की गई हैं, जो समय-समय पर आयोजित होने वाली उमंग गतिविधियों में सहभागी होकर अन्य छात्राओं को भी शाला की हेल्थ एंड वैलनेस एम्बेसडर शिक्षिका मीनाक्षी पटेल के मार्गदर्शन में सहभागी होकर सहयोग प्रदान करती हैं। मीनाक्षी पटेल द्वारा उमंग कॉर्नर स्थापित किया गया है, जहां छात्राओं को पढ़ने के लिए मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकें रखी गई हैं. यहां आकर वे स्वयं को सहज अनुभव करती है तथा आवश्यकता अनुसार समय-समय पर व्यक्तिगत रूप से उचित मार्गदर्शन प्राप्त करती हैं। इसी क्रम में कक्षा 12वीं की छात्रा प्रतिक्षा यादव ने तमंग जीवन कौशल के कारण स्वयं में हुए बदलाव को सभी के सामने स्वेच्छा से रखा जिसे संपूर्ण विद्यालय परिवार द्वारा सराहा तथा उसे विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त व्याख्याता अर्चना जैन उपस्थिति रहीं।

## लंपी से गौवंश को बचाने होगी कार्रवाई

**सागर।** जिले सहित प्रदेश में पशुओं की जानलेवा बीमारी लम्पी वायरस का प्रकोप बढ़ रहा है। पशु पालन विभाग लापरवाही पूर्ण रवैया अपनाए हुए है। इससे चिंतित पशु सेवा समिति के पारंग शुक्ला एवं वासु चौबे ने पशु पालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री लखन पटेल से रहली में मुलाकात की। पशु सेवा समिति के सदस्यों ने विस्तार से मंत्री पटेल को सुरक्षात्मक उपाय अपनाने के लिए आग्रह किया.



लम्पी वायरस से बचाने के लिए पशुओं का टीकाकरण शीघ्र शुरू किया जाए. पशु पालन विभाग के डॉक्टरों की टीम गठित कर पशुओं के उपचार में तेज़ी लाई जाए, साथ ही 1962 एम्बुलेंस में लम्पी वायरस की दवाई भी उपलब्ध कराई जाए। इस पर मंत्री पटेल ने तत्काल विभाग के डायरेक्टर को निर्देशित किया कि इन तीन बिंदुओं पर प्रदेश में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# लोकायुक्त ने बिजली कंपनी के जूनियर इंजीनियर को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**सागर, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सागर नगर संभाग के एक जूनियर इंजीनियर को लोकायुक्त पुलिस ने एक लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। प्लाट के ऊपर से 11 केवी की बिजली लाईन अन्यत्र शिफ्ट करने के एस्टीमेट को एप्रूवड कराने के एवज में मांगी थी रिश्वत.

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सागर नगर संभाग के जूनियर इंजीनियर और प्रभारी सहायक अभियंता मिलन परतेती को लोकायुक्त पुलिस की टीम ने एक लाख रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। लोकायुक्त पुलिस के मुताबिक बिजली ठेकेदार रामकुमार पटेल पिता स्व. रत्न कुमार पटेल निवासी नेहा नगर मकरोनिया ने लोकायुक्त एसपी योगेश्वर शर्मा को एक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि एक उपभोक्ता के प्लाट के ऊपर से जा रही 11 केवी की लाइन को हटवाने के लिए आवेदक राम कुमार पटेल (ठेकेदार) बनाये गए एस्टीमेट को ष्ठश्व अजित चौहान से एप्रुव करवाने के एवज मे सहायक अभियंता मिलन परतेती द्वारा उससे डेढ़ लाख रु. की मांग करने की जा रही है।

लोकायुक्त पुलिस ने शिकायत की जांच कराई। शिकायत सही पाए जाने पर एमपीईसवी के आफिस पॉवर हाऊस सागर शहर में मिलन परतेती कनिष्ठ अभियंता (प्रभारी सहायकअभियंता) को लोकायुक्त पुलिस की टीम ने एक लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। लोकायुक्त टीम में निरीक्षक रोशनी जैन, निरीक्षक कमल सिंह उइके व स्टाफ शामिल था।



## ऋषभ ने एमपीपीएससी में हासिल किया द्वितीय स्थान

**सागर।** जिले के देवरी के होनहार युवा ऋषभ अवस्थी ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा 2024 में दूसरा स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि के साथ ही ऋषभ का चयन डिप्टी कलेक्टर पद पर हुआ है। ऋषभ सागर जिले की देवरी तहसील के निवासी हैं। उनके पिता रमेश अवस्थी पुलिस विभाग में पदस्थ रहे हैं, जबकि माता गोमती गृहिणी है। सामान्य परिवार से निकलकर प्रदेश स्तर पर सफलता की यह ऊंचाई पाना गर्व की बात है। ऋषभ ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा देवरी एवं सागर से प्राप्त की और आगे की पढ़ाई इंदौर स्थित अटल बिहारी वाजपेई कॉलेज से की। उन्होंने स्नातक की डिग्री हासिल करने के बाद (स्नातकोत्तर) एमए की पढ़ाई पूरी की। और कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान उन्होंने देवरी में ही रहकर पीएससी की तैयारी शुरू की। मेहनत रंग लाई और उन्होंने 945.50 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया।



## लापरवाही पर सात वाहनों के काटे चालान



**तेंदूखेड़ा।** 15 दिवसीय अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है इस अभियान के अंतर्गत शनिवार शाम 5 बजे थाना प्रभारी नितेश जैन ने कार्रवाई करते हुए 7 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए हिदायत दी और जुर्माना भी वसूला है। दरअसल जबलपुर मार्ग पर तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा नियमों का उल्लघंन करने वाले बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले और बिना सीटबेल्ट के कार चलाने वाले वाहनों पर चालानी कार्यवाही की है और 7 लोगों का चालान काटकर 2 हजार 900 रुपए जुर्माना वसूला है। पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है और लोगों जागरूक करने का काम कर रही है। थाना प्रभारी नितेश जैन ने बताया कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाना दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठना वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना और वाहनों पर नंबर प्लेट निर्धारित मानक के अनुरूप न होने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

## हाइवे पर सड़क पार करते हुए दिखा तेंदुआ

**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

जिले के तेंदूखेड़ा, तेजगढ़, तारदेही, झालौन रेंजों में जंगली जानवरों की सख्या बढ़ती जा रहीं है, इसलिए इस क्षेत्र को वीरागना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में जोड़ा गया है जिसकी मंजूरी दो वर्ष पहले ही मिल चुकी है, लेकिन अभी क्षेत्र अलग-अलग बटा हुआ है और हैंडओवर नहीं हुआ है लेकिन अब इन रेंजो में जंगली जानवरों ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। रात करीब 9 बजे तेंदूखेड़ा जबलपुर मार्ग पर सड़क पार करते हुए देखा गया है जैसे ही राहगीर ने फोटो लेने के लिए फोन निकाला तो तेंदुआ सड़क पार करके जंगल में जाकर झाड़ियों में छिप गया। पूर्व सरपंच गनेश खंगार सहित अन्य लोगों ने बताया गया है कि यह तेंदुआ काफी समय से इस क्षेत्र में देखा जा रहा है। हालांकि इसकी वन अमला को जानकारी दो तीन महीने पहले दी गई थी लेकिन कुछ समय से तेंदुआ सैलबाड़ा क्षेत्र में देखा जा रहा था 27 मील क्षेत्र के जंगल में दो महीने से तेंदुआ दिखाई नहीं दिया है अब फिर तेंदुआ आ गया है दरअसल पाटन तेन्दूखेड़ा मार्ग पर 27 मील के पास बीएसएनएल के आगे रात 9 बजे के आसपास यह तेंदुआ तेज रफ्तार से सड़क पार करते हुए दिखाई दिया है।

# दो कुंए खुदवाए, पांच बोर कराए...नहीं निकला पानी तो ढाई किमी पाइपलाइन डाली, अब तीन फसल ले रहे

### गांव में बांध से पानी किया लिफ्ट, जिनके खेतों से लाइन गई उन्हें भी दिया पानी

**सागर, दोपहर मेट्रो**

यदि ठान लिया जाए तो सफलता आपके कदमों में आकर रहती ही है। इसका उदाहरण हैं वर्षीय किसान रामराजा लोधी। जहां चाह वहां राह को किसान ने अपनी जिंदगी का सूत्र बनाया और आज दर्जनों किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए। मालथौन विकासखंड के हड़ली गांव के किसान रामराजा की खेती गांव से ढाई किलोमीटर दूर है। यहां रामराजा की स्वयं की 20 और उनके परिवार की करीब 100 एकड़ जमीन है। 5 साल पहले तक यहां खेती की स्थिति यह थी कि सब कुछ बारिश पर निर्भर था। दूसरी फसल के रूप में चना, गेहूं की खेती करते उसमें भी इतनी पैदावार होती कि बमुश्किल खर्च निकलता। अब स्थिति यह कि दूसरी फसल की उपज पहले से 3 गुना हो गई है। इसके अलावा वे तीसरी फसल भी ले रहे हैं। यह सब बदलाव हुआ



रामराजा के उस संकल्प से जिसमें वे ढाई किलोमीटर दूर से पानी यहां लाये। वह भी 2 जगह से लिफ्ट करके। उनके गांव से निकली नदी का पानी अपने खेत तक ले जाने के लिए उन्होंने 20-20 फीट के 400 पाइप खरीदे। इस पर 3.20 लाख रुपए खर्च आया। जबकि एक लाख रुपए में दो मोटर और बिजली केबिल भी लीं। यह पूरा इंतजाम वे दो सालों में कर पाए। बिजली के दो स्थाई कनेक्शन लिए।

पहले जहां रामराजा एक दो फसल की ही खेती कर पाते थे। अब वे तीन फसल ले रहे हैं।

### अब 25 क्विंटल पहुंची उपज

रामराजा कहते हैं 5 साल पहले एक एकड़ में गेहूं की बोवनी पर 8 क्विंटल गेहूं की उपज होती थी। जो अब बढ़कर 22 से 25 क्विंटल तक पहुंच गई है। इसी प्रकार चना प्रति एकड़ 5 से 6 क्विंटल होता था, जो अब 10 से 12 क्विंटल तक हो जाता है। ऐसा दो से तीन बार सिंचाई करने से हो पाया है। पहले एक एकड़ में बोवनी पर 40 से 50 किलो गेहूं के 1000 से 1250 रुपए, खाद के 1200 रुपए, जुताई के 500 रुपए, बुआई के 600 रुपए, कटाई के 2500 रुपए सहित 5600 से 5850 रुपए खर्च होते थे। उपज 8 क्विंटल निकलती थी। खर्च अब भी वही है, सिर्फ एक बार और खाद डालने के करीब 500 रुपए और लग जाते हैं। परंतु उपज 3 गुना बढ़ गई है। इससे मुनाफा बढ़ गया है।

उनका कहना है कि यह सब पानी से ही संभव हो पा रहा है। मार्च में गेहूं कटने के बाद खेत खाली था तो सिंचाई कर तीसरी फसल लेने के लिए मूंगफली और प्याज लगा दी थी। यदि पानी नहीं होता तो तीसरी क्या दूसरी फसल तक का नहीं सोच पाते। खेती में सफल होने से ही भूसा बनाने की मशीन, ट्रेक्टर आदि भी खरीद लिए हैं।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण



**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड 11 के आगनवाड़ी केंद्र क्रमाक दो में पोषण माह 2025 में आयोजित गतिविधियों की थीम एक पेड़ मां नाम के तहत पौधा रोपण किया गया। पोषण माह का आयोजन किए जा रहे है। जिसके तहत विभिन्नन थीमो पर कार्यक्रम आगनवाड़ियों में आयोजित किए जा रहे। इस दौरान कार्यकर्ता के द्वारा जलवायु संरक्षण पर अनेक विषयो पर चर्चा की गई। साथ ही लगाए गए पौधो के संरक्षण करने का संकल्प लिया गया। पौधा रोपण में आगनवाड़ी कार्यकर्ता जानकी रैकवार, सहायिका रीना ठाकुर, प्रज्ञा कटारे, रेखा खरे, कुसुम विश्वकर्मा, सियारानी, रेखा विलथिरे, विनीता सेन सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

## लोन का लालच देकर बैंक में खाता खुलवाकर की जा रही थी धोखाधड़ी

**सागर।** साइबर सेल एवं थाना देवरी की संयुक्त कार्यवाही में एक आरोपी को गिरफ्तार कर नकली लोन दिलाने के बहाने बैंक खाते खुलवाकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। फरियादी प्रकाश अहिरवार निवासी ग्राम जैतपुर ने देवरी थाना आवेदन दिया कि आरोपी जयेश बघेला निवासी सूरत एवं दिनेश पटेल निवासी रामनगर सोसायटी, सूरत ने उसे सस्ती ब्याज दर पर लोन दिलाने का प्रलोभन देकर उसके नाम से पंजाब नेशनल बैंक गढ़ाकोटा एवं इंडसलैंड बैंक बीना में खाते खुलवाए। जब लोन स्वीकृत नहीं हुआ, तो प्रकाश ने 8 सितंबर को पंजाब नेशनल बैंक गढ़ाकोटा में अपने खाते की जांच कराई, जिसमें यह पाया गया कि गुजरात (सूरत) में उसके खाते से लगातार संदिग्ध लेन-देन हो रहे हैं। फरियादी ने अपने खाते का उपयोग धोखाधड़ी में होने संबंधी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर थाना देवरी में मामला पंजीबद्ध किया गया। साइबर सेल के माध्यम से तकनीकी जानकारी ली गई, जिसमें यह सामने आया कि 2 अगस्त 2025 से फरियादी के खाते से सूरत, गुजरात में निरंतर लेन-देन हो रहे थे। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपियों ने फरियादी के बेटों के नाम पर भी विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाए और उनमें भी धोखाधड़ी के लेन-देन किए। कार्यवाही के दौरान आरोपी दिनेश पिता भोघाभाई निवासी धैली नं. 02, रामनगर सोसायटी, सूरत (गुजरात) को गिरफ्तार किया गया।

**मेट्रो एंकर**

### आज महिलाएं रखेंगी महालक्ष्मी व्रत, घर में बने पकवानों का लगेगा भोग, बोलीं-

# धन वैभव और सुख-समृद्धि के साथ होती है महालक्ष्मी की कृपा

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

आज महिलाएं परिवार में सुख शांति, समृद्धि के लिए धन की देवी कहलाने वाली मां महालक्ष्मी का पूजन करेंगी। शनिवार को पूजन के लिए जरूरी सामग्री की खरीदी के लिए महिलाएं बाजार पहुंची थी। इसके लिए महिलाओं ने सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली है आज शुभ मुहूर्त में हाथी में सवार मां महालक्ष्मी का पूजन किया जाएगा महिलाओं का कहना है कि यह व्रत सुख-शांति और समृद्धि को देने वाला है। उन्होंने प्रसाद के लिए घर में तरह-तरह के व्यंजन तैयार किए हैं। शनिवार को व्रत के एक दिन पहले कई घरों में महिलाएं आज के दिन पूजन प्रसाद के लिए जरूरी पकवान तैयार करते हुए दिखाई दी। महिलाओं का कहना है कि आज सुबह से व्रत का संकल्प होगा, इसके लिए शाम को शुभ मूहूर्त में पूजन किया जाएगा।





महालक्ष्मी के पूजन में विशेष रूप से घर में बने व्यंजनों को ही प्रसाद रूप में शामिल किया जाता है, जिसमें विशेष रूप से गुछिया, खुरमा आदि तैयार किए हैं।

**-जानवी रजक** तेन्दूखेड़ा




आज का दिन हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। जिसका इंतजार हम साल भर से करते हैं। मां लक्ष्मी का पूजन में नए वस्त्र पहनकर उन्हें तरह-तरह के प्रसाद अर्पित किए जाते हैं।

**-अर्चना राय** तेन्दूखेड़ा



मैं पिछले कई सालों से मां लक्ष्मी का व्रत कर रही हूं। प्रसाद के लिए तो कुछ सामग्री हमने बाजार से बुलाई है वहीं कुछ प्रसाद हमने घर में ही तैयार किया है। चूंकि घर में तैयार पकवान ज्यादा शुद्ध होते हैं, जिन्हें मां लक्ष्मी को अर्पित किया जाएगा।

**-मनीषा पटेल** तेन्दूखेड़ा



आज महिलाएं महालक्ष्मी का व्रत रखेंगी इस व्रत से धन वैभव और सुख-समृद्धि घर पर बनी रहती है। आज हाथी पर विराजमान मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाएगी यह एक महत्वपूर्ण व्रत है जिसके अंत में चंद्र देव को अर्घ्य दिया जाता है।

**-रिचा सोनी** तेंदूखेड़ा

एशिया कप में हुआ ऐसा भी

# खिलाड़ी बीट, स्टंप्स पर लगी गेंद, बेल्स भी जली फिर भी रहा नॉट आउट



अबू धाबी, एजेंसी

एशिया कप 2025 का पांचवां मुकाबला बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच शेख जायद स्टेडियम में खेला गया। 13 सितंबर को हुए इस मुकाबले में श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। उनका यह फैसला काफी असरदार भी साबित हुआ। बांग्लादेश के शुरुआती 2 विकेट शून्य पर गिर गए थे। शुरू के 2 ओवर मेडन भी रहे थे। इसके बाद मिडल ओवर्स में श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा ने भी गजब गेंदबाजी की।

दरअसल, बांग्लादेश की पारी का 10वां ओवर श्रीलंका की तरफ से वानिंदु हसरंगा डाल रहे थे। उनके ओवर की तीसरी गेंद पर जाकिर अली स्ट्राइक पर थे। हसरंगा ने उनको गूगली बॉल डाली, जिसको वह समझ नहीं पाए और पूरी तरह से बीट हो गए। गेंद जाकर उनके स्टंप्स पर लगी। बेल्स भी जल गई। लेकिन बेल्स नीचे नहीं गिरी, जिसके चलते वह आउट नहीं हुए। यह घटना देख श्रीलंका के खिलाड़ी थोड़े हैरान हो गए।

### बांग्लादेश ने दिया था 140 रन का टारगेट

बांग्लादेश ने टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 139 रन बनाए थे और श्रीलंका को 140 रन का टारगेट दिया था। जाकिर अली और शमीम हुसैन अंत तक नाबाद रहे। जाकिर अली ने 34 गेंद में 2 चौकों की मदद से नाबाद 41 रन बनाए। वहीं शमीम हुसैन ने 34 बॉल में 1 छक्के और 3 चौके की मदद से 34 गेंद में नाबाद 42 रन बनाए। श्रीलंका के लिए वानिंदु हसरंगा ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। वहीं 1-1 विकेट नुवान तुषारा और दुष्मंता चमीरा ने लिया।

## एशिया कप 2025: सुपर संडे को भारत का डबल टेस्ट

# क्रिकेट में पाकिस्तान, हॉकी में चीन से भिड़ंत, दुनिया की टिकी रहेंगी निगाहें

नई दिल्ली, एजेंसी

**खेलप्रेमियों के लिए रविवार का दिन किसी उत्सव से कम नहीं होगा। इस दिन भारत की दो अलग-अलग टीमें अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और चीन से भिड़ रही होंगी। एक ओर दुबई में टीम इंडिया एशिया कप क्रिकेट के मुकाबले में पाकिस्तान से लोहा ले रहा होगा। तो वहीं दूसरी ओर हांगझोउ की सरजमीं पर महिला हॉकी एशिया कप की खिताबी जंग सजी होगी, जहां भारतीय टीम मेजबान चीन से भिड़ेगी।**

भले ही क्रिकेट और हॉकी-दो अलग-अलग खेल हैं, लेकिन दोनों में ही एशिया की दो ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विताएं एक ही दिन, एक ही शाम रोमांच का तूफान खड़ा करने को तैयार हैं। खेल का यह सुपर संडे सिर्फ स्कोर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गर्व, जुनून और प्रतिष्ठा का प्रतीक भी बनेगा। जिसपर दुनिया भर की निगाहें होंगी।दुबई के मैदान पर भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच खेला जाएगा। ये मैच इसलिए भी अहम है क्योंकि पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों की टीमें पहली बार आपस में भिड़ रही हैं। इस मुकाबले को लेकर विरोध भी चरम पर है। लेकिन हमेशा की तरह उत्साह भी बरकरार है।




### भारत 9 बार पाकिस्तान को चटा चुका है धूल

भारत पाकिस्तान के बीच मुकाबला रविवार रात 8 बजे शुरू होगा। भारत और पाकिस्तान के इतिहास पर नजर डालें तो टी20 मुकाबलों में अबतक दोनों देशों का 13 बार आमना सामना हुआ है। इसमें भारत ने 9 बार पाकिस्तान को धूल चटाई है, जबकि पाकिस्तान 3 बार जीता है। एक मुकाबला टाई था, जिसे भारच ने बॉल आउट नियम से जीता था। एशिया कप में भी भारत का ही पलड़ा भारी है। टी20 फॉर्मेट में दोनों टीमें 3 बार भिड़ी हैं और 2 बार भारत को जीत मिली है। लेकिन दुबई की जिस पिच पर मैच है वहां पाकिस्तान आगे है। इस मैदान पर हुए 3 मैच में पाकिस्तान ने 2 जीते हैं।

## भारत से हारकर कैसा लगा? पत्रकार के सवाल पर चकरा गया पाकिस्तानी खिलाड़ी

**दुबई ।** एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच आज होने वाले महामुकाबले से पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी सैम अयूब ने एक रोचक बयान दिया। सैम ने कहा कि वह भारत के खिलाफ होने वाले इस हाईवोल्टेज मैच को किसी बड़े प्रेशर की तरह नहीं लेते, बल्कि फोकस सिर्फ जीत पर है। सैम पहली बार भारत के खिलाफ टी20 मुकाबला खेलने उतर रहे हैं। उन्होंने कहा- यह मैच लोगों के लिए बड़ा हो सकता है, लेकिन हमारी टीम इसे वैसे नहीं देखती। हम रोजाना के तरीके से मैच खेलते हैं। सैम ने पिछले साल न्यूयॉर्क में टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत से मिली हार को भी बिल्कुल पीछे छोड़ दिया। जब उनसे उस मैच के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया- सर, डेढ़ साल हो गया है। उस समय अगर आप मुझसे पूछते, तो मैं आपको बता देता कि मुझे कैसा लग रहा था, क्या आपको याद है? अब याद नहीं। उनका जवाब रविवार को भारत के खिलाफ एशिया कप के सबसे अहम मैच से पहले लगभग पलटवार जैसा था।

## चीन से होगा बेटियों का मुकाबला

महिला हॉकी एशिया कप के फाइनल में चीन और भारत की टक्कर है। भारतीय महिला हॉकी टीम ने जापान के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था। इसके बाद भारतीय टीम की नजर चीन और कोरिया के मुकाबले पर थी। इस मैच में मेजबान चीन ने सुपर 4 चरण के अंतिम मुकाबले में कोरिया को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। कोरिया की हार के साथ ही भारतीय टीम का भी फाइनल टिकट पक्का हो गया। ये फाइनल मैच जो भी जीतेगा वह अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लेगा। बता दें कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशिया कप का फाइनल जीता था।भारत से हारकर कैसा लगा? पत्रकार के सवाल पर चकराया पाकिस्तानी खिलाड़ी, कहा- सर ! डेढ़ साल हो गया।



# भारत को दो-तीन हफ्तों में मिल जाएगा जर्सी प्रयोजक

**सिंगापुर।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शनिवार को बताया कि भारतीय टीम का जर्सी प्रायोजक अगले दो-तीन सप्ताह में तय हो जाएगा। इसके लिए बोली 16 सितंबर को बंद हो जाएगी। भारतीय टीम एशिया कप में बिना जर्सी प्रायोजक के खेल रही है क्योंकि ऑनलाइन गेमिंग कंपनी ड्रीम11 ने बीच में ही करार तोड़ दिया था।

ड्रीम11 हाल ही में स्पॉन्सरशिप से पीछे हट गया था और उसने बीसीसीआई के साथ अपने करार को तोड़ लिया था। इंग्लैंड दौरे तक टीम इंडिया की जर्सी पर ड्रीम-11 का लोगो दिखाई देता था, लेकिन हाल ही में पारित %ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025% के कारण कंपनी को अपने संचालन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा और उसने अनुबंध से बाहर निकलने का फैसला किया। बीसीसीआई ने टीम के टाइटल प्रायोजन अधिकारों के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं।

राजीव शुक्ला ने कहा, टेंडर प्रक्रिया रिलीज की जा चुकी है और इसके लिए कई दावेदार हैं। जब यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी तो हम इस बारे में आपको बताएंगे। मुझे लगता है कि अगले 15-20 दिनों में सब तय हो जाएगा। यह पूछे जाने पर कि कौन इसके लिए प्रबल दावेदार के रूप में उभर रहा है।

# विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप : मीनाक्षी जैस्मीन, नूपुर ने फाइनल में बनाई जगह

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में महिला मुक्केबाजों ने देश के लिए स्वर्ण पदक की उम्मीद जगा दी है। मीनाक्षी (महिला 48 किग्रा), जैस्मीन लैम्बोरिया (महिला 57 किग्रा) और नूपुर (महिला 80 किग्रा) ने अपने-अपने सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में जगह बनाई है। फाइनल में इनसे खिताब की उम्मीद बढ़ गई है। मीनाक्षी ने मंगोलिया की अल्तांत्सेत्सेग लुत्सेखान को 5¬0 से हराया। जैस्मीन ने वेनेजुएला की ओमेलिन कैरोलिना अल्काला सेगोविया को 5¬0 से हराया। वहीं, नूपुर ने तुर्की की सेयमा दुज्तास को कड़ी टक्कर दी।




महिलाओं के 48 किग्रा सेमीफाइनल में, मीनाक्षी ने दो बार की एशियाई कांस्य पदक विजेता लुत्साईखान को तीनों राउंड में से किसी में भी लय हासिल नहीं करने दी और पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए सर्वसम्मत निर्णय हासिल किया। अन्य दो सेमीफाइनल में भी यही स्थिति रही। जैस्मीन और नूपुर दोनों ही अपने मुकाबलों के दौरान कभी भी दबाव में नहीं दिखीं। शनिवार रात को होने वाले फाइनल में, जैस्मीन का सामना पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता पोलैंड की जूलिया सेरेमेटा से होगा, जबकि नूपुर का सामना एक अन्य पोलिश मुक्केबाज, कई बार की यूरोपीय चैंपियनशिप पदक विजेता

## 28 को होगी बीसीसीआई की एजीएम, गांगुली-हरभजन और देवजीत सैकिया का नाम मसौदा मतदाता सूची में शामिल

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली, पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह, बीसीसीआईके सचिव देवाजित सैकिया और आईपीएल के अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल की 28 सितंबर को होने वाली बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) और आम चुनाव से पहले बोर्ड के पूर्ण सदस्यों के प्रतिनिधियों के रूप में पुष्टि की गई है। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष गांगुली को इस एजीएम में अपना प्रतिनिधि बनाया है, जबकि हरभजन पंजाब क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्वाचन अधिकारी एके जोति द्वारा शनिवार को जारी सूची के अनुसार सैकिया और धूमल क्रमशः असम क्रिकेट संघ और हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसी तरह बीसीसीआई कोषाध्यक्ष प्रभतेज सिंह भाटिया छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ और बोर्ड के संयुक्त सचिव रोहन गौंस देसाई गोवा राज्य निकाय के प्रतिनिधि होंगे। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ, जबकि संजय नाइक और रोहन जेटली को क्रमशः मुंबई क्रिकेट संघ और दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ ने अपने-अपने प्रतिनिधि के रूप में नामित किया है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# आसमानी लहंगे में सजी आमना शरीफ

## हर अदा में झलका निखार



मुंबई बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस आमना शरीफ अपने स्टाइलिश और पारंपरिक लुक के लिए पहचानी जाती हैं, और इस बार भी उन्होंने अपने लुक से सभी का दिल जीत लिया है। आमना ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसने उनके फैंस और फॉलोअर्स के बीच काफी चर्चा बटोरी है।

तस्वीर में आमना शरीफ आसमानी रंग के लंहगे में नजर आ रही है, जो उन्हें शाही और आकर्षक लुक दे रहा है। इस लहंगे के साथ उन्होंने एक नेट का दुपट्टा लिया हुआ है, जिस पर गोल्डन जरी का काम है। उन्होंने माथे पर मांग टीका, कानों में भारी झुमके और हाथों में लहंगे से मैच करती चूड़ियां पहनी हुई हैं। साथ ही अपने बालों को हल्के वेव्स के साथ स्टाइल किया है, जिससे एक सॉफ्ट और नैचुरल लुक उभर कर सामने आ रहा है। हल्का आई मेकअप और ग्लोइंग स्किन टोन के साथ उन्होंने अपने मेकअप को लाइट रखा है। इस फोटो के साथ उनका कैप्शन भी काफी दिलचस्प है। उन्होंने कैप्शन में फितूर शब्द का इस्तेमाल किया है, जो उनके इस लुक के पीछे के जज्बात को दर्शाता है। बता दें कि आमना शरीफ ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग के जरिए की। उन्हें कॉलेज के दौरान ही ब्रांड विज्ञापनों और म्यूजिक वीडियो के ऑफर मिलने लगे थे। अभिजीत भट्टाचार्य के पॉपुलर वीडियो चलने लगी हैं हवाएं से उन्हें पहली पहचान मिली। इसी दौरान एकता कपूर के शो कहीं तो होगा में उन्हें कशिश का रोल मिला, जिसने उन्हें रातों-रात स्टार बना दिया। राजीव खंडेलवाल के साथ उनकी केमिस्ट्री और शानदार एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीत लिया। यह शो 2000 के दशक के सबसे सफल धारावाहिकों में शामिल रहा।

### बप्पा के विसर्जन पर भावुक हुई अभिनेत्री

टीवी की सफलता के बाद आमना ने फिल्मों की ओर रुख किया। वह आलू चाट, आओ विश करें, और एक विलेन जैसी फिल्मों में नजर आईं। 2013 में उन्होंने प्रोड्यूसर अमित कपूर से शादी की और 2015 में बेटे के जन्म के बाद एक्टिंग से कुछ समय का ब्रेक लिया। 2019 में उन्होंने कसौटी जिंदगी की 2 में कोमोलिका का किरदार निभाकर वापसी की। इसके बाद उन्होंने वेब सीरीज डैमेज्ड 3 और आधा इश्क से ओटीटी पर भी पहचान बनाई।

# नीम करोली बाबा के कैंची धाम जाकर मनोज बाजपेयी की पलट गई किस्मत



मनोज बाजपेयी इस वक्त अपनी नई फिल्म %जुगनुमा को लेकर चर्चा में है, जो रिलीज होते ही छा गई है और तरफ तारीफ हो रही है। एक्टर ने बताया कि कैसे नीम करोली बाबा के कैंची धाम की यात्रा उनकी नई फिल्म जुगनुमा के लिए टर्निंग पॉइंट बन गई। पिछले दो दशक से भी लंबे वक्त में मनोज बाजपेयी ने ढेरों फिल्में कीं और अब ओटीटी पर भी धूम मचा रहे हैं। हालांकि, एक समय ऐसा आया, जब मनोज बाजपेयी बेचैन हो उठे। उन्हें लगा कि एक्टर के रूप में उनका टाइम खत्म हो चुका है। उसी दौरान वह कैंची धाम गए और सबकुछ बदल गया। मनोज बाजपेयी ने जस्ट टू फिल्मी को दिए इंटरव्यू में इस बारे में बताया कि नीम करोली बाबा के कैंची धाम आश्रम जाना उनके लिए ही नहीं बल्कि फिल्म जुगनुमा के लिए भी टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। मनोज ने बताया कि उन्होंने और डायरेक्टर राम रेड्डी ने फिल्म शुरू करने से पहले उत्तराखंड के कैंची धाम जाने का फैसला किया था। उन्होंने बताया, मैं बहुत बेचैनी के दौर से गुजर रहा था। मुझे तो यहां तक लग रहा था कि शायद इस प्रोफेशन में मेरा टाइम खत्म हो गया है। द फैमिली मैन सीजन 1 से ठीक पहले, मैंने एक साल तक काम नहीं किया था। मैं जवाब ढूंढ रहा था। राम ने कहा कि चलो बाबाजी की गुफा में मिलते हैं। हम लगभग एक घंटे तक ऊपर चढ़े, वहां ध्यान किया और कुछ जादुई हुआ।

# उर्मिला मातोंडकर ने दिया शाहरुख का आइकॉनिक पोज

## जिंदगी को रोमांटिक बनाने की कोशिश

**मुंबई ।** अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह शाहरुख का आइकॉनिक पोज देती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री का कहना है कि वह इस पोज से खुद को रोमांटिक बना रही हैं। तस्वीरों में उर्मिला बालकनी में खड़ी होकर दोनों हाथ को फैलाकर शाहरुख खान का आइकॉनिक पोज दे रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट कर कैप्शन में लिखा, ÷अपने अंदर के शाहरुख को जगा रही हूं...उनके आइकॉनिक पोज से, ताकि जिंदगी की हर खूबसूरत चीज को रोमांटिक बना सकूं।÷ उर्मिला का यह रोमांटिक अंदाज उनके प्रशंसकों को उनके सुनहरे दौर की याद दिलाता है, जब उनकी अदाकारी और खूबसूरती ने लाखों दिलों पर राज किया था। उनके इस पोस्ट पर फैंस ने उनकी तारीफ में कमेंट्स की बौछार कर दी है। इससे पहले अभिनेत्री ने अपनी सुपरहिट फिल्म रंगीला के 30 साल पूरे होने की खुशी में इंस्टाग्राम पर फिल्म के मशहूर गाने रंगीला रे पर डांस करते हुए वीडियो पोस्ट किया था।



### इन फिल्मों से मिली पहचान

राम गोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म में उर्मिला के अलावा, आमिर खान और जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की कहानी तीन किरदारों मुन्ना (आमिर खान), मिली (उर्मिला मातोंडकर), और राज कमल (जैकी श्रॉफ) के इर्द-गिर्द चलती है। मुन्ना मुंबई का एक टपोरी लड़का होता है, जो सिनेमाघरों के बाहर टिकट ब्लैक करता है और मिली को वह बचपन में प्यार करता है। वहीं मिली, एक महत्वाकांक्षी लड़की है, जो फिल्मों में हीरोइन बनना चाहती है। इसी सपने को पूरा करने के लिए वह बैकग्राउंड डांसर का काम करती है। राज कमल एक सफल बॉलीवुड हीरो है। अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने रंगीला, जुदाई, सत्या, छोटा चेतन, कौन, खूबसूरत, प्यार तूने क्या किया, भूत और कई मशहूर फिल्में देकर अपनी पहचान बनाई है, और साल 2022 में वह डांस रियलिटी शो डीआईडी सुपर मॉम्स में जज के रूप में दिखाई दी।

# लंदन की सड़कों पर उतरे 1 लाख से ज्यादा लोग, पुलिस से भिड़े प्रदर्शनकारी

## ब्रिटेन में सबसे बड़ा प्रवासी विरोधी प्रदर्शन

लंदन, दोपहर मेट्रो



ब्रिटेन की राजधानी लंदन में हालिया इतिहास का सबसे बड़ा प्रदर्शन हुआ, जहां एक लाख से ज्यादा लोगों ने प्रवासी विरोधी मार्च में हिस्सा लिया। यूनाइट द किंगडम नाम से किए गए इस प्रदर्शन का आयोजन प्रवासी और इस्लाम विरोधी कट्टर दक्षिणपंथी कार्यकर्ता टॉमी रॉबिन्सन ने आयोजित किया था। लंदन पुलिस ने बताया कि प्रवासियों के विरोध में किए गए प्रदर्शनों के दौरान पुलिस अधिकारियों पर हमला किया गया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार प्रवासी विरोधी मार्च में लगभग 110000 लोग शामिल हुए।

पुलिस ने बताया कि झड़पों में 26 अधिकारी घायल हुए हैं और 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सहायक आयुक्त मैट ट्विस्ट ने एक बयान में हमलों को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताते हुए इसकी निंदा की। ट्विस्ट ने कहा, घटना के बाद हमारी जांच शुरू हो चुकी है। हम उन लोगों की पहचान कर रहे हैं, जो इस उपद्रव में शामिल थे और आने वाले दिनों और हफ्तों में उन पर कड़ी पुलिस कार्रवाई की उम्मीद की जा सकती है। लंदन के मेयर सादिक खान ने भी कहा कि हिंसा और पुलिस अधिकारियों पर हमला पूरी तरह से अस्वीकार्य है। यूनाइटेड किंगडम और इंग्लैंड के झंडे लहराते हुए प्रदर्शनकारियों ने वॉइटहॉल की ओर मार्च किया, जहां प्रधानमंत्री कार्यालय और सरकारी विभाग स्थित हैं। कुछ प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी और इजरायली झंडे भी लहराए। यह देशभर में गर्मियों में हुए आव्रजन विरोधी प्रदर्शनों के बाद हुआ है। उस दौरान भी कुछ में हिंसा हुई थी। ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक वीडियो में एक प्रदर्शनकारी अमेरिकी राजनीतिक कार्यकर्ता चार्ली कर्क की तस्वीर पकड़े हुए दिखाई दे रहा है, जिनकी बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई है। भीड़ को कर्क का नाम लेते हुए सुना जा सकता है।

### टॉमी रॉबिन्सन ने किया था मार्च का आयोजन

प्रदर्शनकारी कीर स्टार्मर की आलोचना करते हुए प्रवासियों के विरोध में नारे लगाए जा रहे थे। उन्हें घर भेजो (सेंड देम होम), जैसे संदेशों वाली तख्तियां भी दिखाई दे रही थीं। कुछ प्रदर्शनकारी अपने बच्चों को भी लेकर आए थे। टॉमी रॉबिन्सन ने यूनाइट द किंगडम मार्च को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उत्सव बताया है। रॉबिन्सन ने एक्स पर कहा, अपनी आजादी के लिए एकजुट होने के लिए लाखों लोग पहले ही मध्य लंदन की सड़कों पर उमड़ पड़े हैं।

### कौन हैं टॉमी रॉबिन्सन?

रॉबिन्सन का असली नाम स्टीफन यासली-लेन है। वे खुद को सरकारी भ्रष्टाचार का खुलासा करने वाला पत्रकार बताते हैं और अमेरिकी अरबपति एलन मस्क को अपने समर्थकों में गिनते हैं। रॉबिन्सन अब बंद हो चुके संगठन आव्रजन विरोधी इंग्लिश डिफेंस लीग के संस्थापक रहे हैं और इसी साल की शुरुआत में जेल से रिहा किया गया था। उन्हें एक सीरियाई शरणार्थी के बारे में झूठे आरोप दोहराकर अदालत की अवमानना के आरोप में जेल भेजा गया था।

# सुरों से सजी एक शाम आज स्व.विट्ठल भाई पटेल के नाम




## स्वर्गीय विट्ठल भाई पटेल सांस्कृतिक प्रतिष्ठान इंदौर व सागर का संयुक्त आयोजन

सागर, दोपहर मेट्रो

सागर के गौरव स्वर्गीय विठ्ठल भाई पटेल की स्मृति में आज शाम 7 बजे संगीत संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। पद्माकर सभागार मोती नगर सागर में आयोजित सुरों से सजी इस महफिल में एक साथ कई आवाजों में गायक साईराम अय्यर अपनी प्रस्तुति देंगे। अय्यर के साथ गायिका इशिता विश्वकर्मा, गायक अनिल श्रीवास्तव व इकबाल खान भी संगीत संध्या में अपने सुरों से रोमांचित करेंगे। इस मौके पर साहित्य, पत्रकारिता, फिल्म समाज सेवा आदि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय विठ्ठल भाई पटेल सांस्कृतिक प्रतिष्ठान इंदौर वा सागर के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। संयोजक ललित अग्रवाल ने बताया कि स्वर्गीय विठ्ठल भाई पटेल को समर्पित यह कार्यक्रम 2014 से अब तक हर साल इंदौर में होता रहा है। इस साल का आयोजन उनकी कर्मस्थली सागर में किया जा रहा है। कई टीवी चैनल पर आवाज का जादू बिखेर चुके आशीष दवे कार्यक्रम के सूत्रधार होंगे और संगीत संयोजन करेंगे।

### हस्तियों का होगा सम्मान

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोग सम्मानित होंगे। जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिरोठिया, दीपक तिवारी, देवदत्त दुबे एवं जन परिषद के रामजी श्रीवास्तव शामिल हैं।



राजेश सिरोठिया, वरिष्ठ पत्रकार

# बीमारी से तंग मां-बेटे ने 13वीं मंजिल से कूदकर दे दी जान

ग्रेटर नोएडा, दोपहर मेट्रो



ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ऐस सिटी सोसाइटी में सुबह महिला ने बेटे के साथ 13वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना में साक्षी चावला (37) और बेटे दक्ष चावला (11) की मौत हो गई। बिसरख पुलिस ने फ्लैट में मिली डायरी से सुसाइड नोट बरामद किया है। इसमें आत्महत्या करने के लिए स्वयं को जिम्मेदार ठहराते हुए महिला ने इकलौते बेटे की बीमारी की परेशानी का जिक्र किया है। जांच में सामने आया है कि बेटा मानसिक रूप से बीमार था। इसको लेकर वह अवसाद में थी। मूलरूप से उत्तराखंड के काशीपुर निवासी दर्पण चावला गुरुग्राम स्थित कंपनी में सीए हैं। वह ऐस सिटी सोसाइटी के ई-टावर में रहते हैं। पत्नी साक्षी और बेटा दक्ष भी साथ रहते थे। दक्ष बचपन से ही मानसिक रूप से बीमार था। इसको लेकर साक्षी परेशान थी। दक्ष का उपचार भी चल रहा था।

डॉक्टरों के कहने पर बेटे को सुबह 9.30 बजे के करीब दवाई दी जाती थी। शनिवार सुबह करीब 9 बजे दर्पण ने पत्नी को बेटे को दवाई देने के लिए जगाया और दूसरे कमरे में जाकर आराम करने लगे। इसके बाद साक्षी ने बेटे को दवाई दी। 10 बजे के करीब साक्षी ने बेटे के साथ लिफ्ट के पास मौजूद शाफ्ट की तरफ से छलांग लगा दी। मां-बेटे के गिरने के बाद मचे शोर के बाद दर्पण बाहर आए। पत्नी और बेटे के कूदने का पता चलने के बाद वह नीचे पहुंचे लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि जिस जगह से साक्षी ने बेटे को लेकर छलांग लगाई वहां कुर्सी रखी हुई थी। पुलिस ने आशंका जताई है कि साक्षी ने कुर्सी पर बेटे को चढ़ाकर धक्का दिया और फिर खुद छलांग लगा दी। घटना की सीसीटीवी फुटेज पुलिस को नहीं मिल सकी है। पुलिस को जांच में फ्लैट में एक डायरी मिली। डायरी में साक्षी ने पति दर्पण चावला के नाम लिखा था कि हम दुनिया छोड़ रहे हैं सॉरी। हम तुम्हें अब और परेशान नहीं करेंगे।

## बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही: धर्मशाला में सर्वाधिक 232 मिमी बारिश रिकॉर्ड

# हिमाचल में भारी बारिश से चंबा नेशनल हाइवे धंसा, 647 सड़कें बंद, अब तक 394 की मौत

शिमला, दोपहर मेट्रो



हिमाचल प्रदेश में मॉनसून की कहर भरी बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार बीती रात से सुबह तक राज्य के कुछ स्थानों में जोरदार वर्षा दर्ज की गई। कांगड़ा जिले के धर्मशाला में सर्वाधिक 232 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। पालमपुर में 126 मिलीमीटर, मंडी जिले के मुरारी देवी क्षेत्र में 79 मिलीमीटर और सुंदरनगर व जोगिंदरनगर में 77 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई। राजधानी शिमला में भी रात को झमाझम बारिश हुई और सुबह से बादलों का डेरा बना हुआ है। लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं।

मौसम विभाग ने आज रविवार को भी सात जिलों हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में भारी वर्षा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने चेताया है कि इन जिलों में तेज बारिश के साथ अंधड़ और बिजली गिरने की संभावना है। हालांकि 15 से 20 सितम्बर तक मॉनसून की रफ्तार धीमी पड़ने और राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान जताया गया है।

भारी बारिश और भूस्खलन ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सिरमौर जिले में हरिपुरधार-सोलन मार्ग भारी भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गया है। वहीं चंबा जिले के डलहौजी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चैली नामक स्थान पर पठानकोट-चंबा नेशनल हाइवे का एक हिस्सा धंस गया। इस दौरान एक ट्रक और दो बाइक नीचे जा गिरी, हालांकि गनीमत यह रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। सड़क धंसने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई है और प्रशासन की टीमें मौके पर राहत व बहाली कार्य में जुटी हुई हैं।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार रविवार सुबह तक की स्थिति में प्रदेश में तीन नेशनल हाइवे और कुल 647 सड़कें यातायात के लिए बंद हो गई हैं। इनमें सबसे अधिक कुल्लू जिले में एनएच-03 और एनएच-305 व 170 सड़कें बाधित हैं। मंडी में 246, शिमला में 58, कांगड़ा में 45, चंबा में 38, सिरमौर में 24, बिलासपुर में 13 और ऊना जिले में एनएच-503ए व 22 सड़कें बंद पड़ी हुई हैं। इसके अलावा राज्य में 185 ट्रांसफार्मर और 343 पेयजल योजनाएं भी ठप हो गई हैं। कुल्लू जिले में सर्वाधिक 93 ट्रांसफार्मर, मंडी में 64 और चंबा में 24 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं। पेयजल योजनाओं में सबसे अधिक 176 कांगड़ा, 61 शिमला और 53 मंडी में ठप पड़ी हैं।

### अब तक 394 मौत, 455 लोग घायल हुए

मॉनसून की इस तबाही ने हिमाचल को गहरे जख्म दिए हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार अब तक 394 लोगों की मौत हो चुकी है, 455 लोग घायल हुए हैं और 41 लोग लापता बताए जा रहे हैं। जिला वार आंकड़ों में सबसे अधिक 61 मौतें मंडी में हुई हैं। कांगड़ा में 55, चंबा में 45, कुल्लू में 44, शिमला में 42, किन्नौर और सोलन में 29-29, ऊना में 25, सिरमौर में 20, बिलासपुर में 19, हमीरपुर में 16 और लाहौल-स्पीति में 9 लोगों की मौत हुई है। भारी वर्षा और आपदा से अब तक 1,403 मकान पूरी तरह जमींदोज हो चुके हैं जबकि 5,952 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। 484 दुकानें और 5,929 गौशालाएं भी ढह चुकी हैं। पशुधन को भी भारी क्षति पहुंची है, जिसमें 2,086 पशु और 26 हजार से अधिक पोल्ट्री पक्षियों की मौत दर्ज की गई है।

# झारखंड के पलामू में नक्सली मुखदेव यादव ढेर, 5 लाख रुपए का था इनाम

पलामू, दोपहर मेट्रो



झारखंड के पलामू जिले के मनातू जंगल में सुबह सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। यहां प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी और सुरक्षाबलों के जवान के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में संगठन का 5 लाख का इनामी कमांडर मुखदेव यादव को ढेर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, मारे गए नक्सली का शव घटनास्थल से बरामद कर लिया गया है। मालूम हो के तीन सितंबर की रात को पुलिस व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस के दो जवान शहीद हो गये थे। जिसके बाद से पुलिस लगातार सर्च अभियान चला रही थी। इसी दौरान रविवार अहले सुबह पुलिस व उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ के बाद पुलिस को इंसास राइफल भी बरामद किया गया है। जिस दिन पुलिस के साथ तीन सितंबर को मुठभेड़ हुई थी। उस दिन शशिकांत गंझू के दस्ते में मुखदेव यादव भी शामिल था। पिछले दिनों हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस ने 10 लाख के इनामी टीएसपीसी कमांडर शशिकांत गंझू को लेकर बड़ा सर्च अभियान शुरू किया है। इस अभियान में कोबरा, जगुआर और जिला पुलिस बल को संयुक्त रूप से लगाया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए सर्च अभियान के दौरान मुठभेड़ हुई।

## सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

# चुनाव आयोग बोला- हमारे काम में नहीं हो सकता हस्तक्षेप

नई दिल्ली, दोपहर मेट्रो



चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (बिहार को छोड़कर) को भेजे गए पत्र में 1 जनवरी 2026 को संदर्भ तिथि मानकर मतदाता सूची के लिए तत्काल पूर्व-पुनरीक्षण गतिविधियां शुरू करने का निर्देश दिया गया है। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि देशभर में नियमित अंतराल पर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्र) कराने का कोई भी निर्देश आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र में दखल होगा। चुनाव आयोग ने यह हलफनामा अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका के जवाब में दाखिल किया गया था।

**याचिका में पूरे देश में एसआईआर कराने की मांग की गई थी:** याचिका में पूरे देश में नियमित अंतराल पर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराने का निर्देश मांगा गया था। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में आयोग की ओर से बताया गया कि उसने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों (बिहार को छोड़कर) के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्र) के लिए तैयारी संबंधी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इस राष्ट्रीय स्तर के स्क्र के लिए शीर्ष अदालत में चुनाव आयोग की ओर से दाखिल हलफनामे में आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की नीति पर उसका पूर्ण विवेकाधिकार है और इसमें किसी अन्य प्राधिकरण का हस्तक्षेप नहीं हो सकता। आयोग ने बताया कि 5 जुलाई 2025 को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (बिहार को छोड़कर) को भेजे गए पत्र में 1 जनवरी 2026 को संदर्भ तिथि मानकर मतदाता सूची के लिए तत्काल पूर्व-पुनरीक्षण गतिविधियां शुरू करने का निर्देश दिया गया है। हलफनामे में कहा गया कि चुनाव आयोग को मतदाता सूचियों की तैयारी और पुनरीक्षण की संवैधानिक व वैधानिक शक्तियां प्राप्त हैं। देशभर में नियमित अंतराल पर स्क्रकराने का कोई भी निर्देश चुनाव आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र में दखल होगा।

### तैयारी और चुनाव का काम आयोग का

आयोग ने हलफनामे में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत संसद और राज्य विधानसभाओं के सभी चुनावों के लिए मतदाता सूची की तैयारी और चुनावों के संचालन का अधिकार चुनाव आयोग को सौंपा गया है। यह प्रावधान आयोग के व्यापक अधिकारों की नींव है। सुप्रीम कोर्ट ने भी बार-बार अनुच्छेद 324 की व्याख्या इस रूप में की है कि चुनाव आयोग के पास मतदाता सूची की तैयारी और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने का पूर्ण अधिकार है, भले ही कानून चुप हो या अपर्याप्त हो। 5 जुलाई के पत्र का उल्लेख करते हुए आयोग ने कहा कि 10 सितम्बर को नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का सम्मेलन बुलाया गया था। आयोग ने कहा कि उसने विभिन्न राज्यों में एसआइआर कराने का निर्णय लिया है।

## मेट्रो एंकर

## विदेशी वर्कर्स और स्टूडेंट्स का स्वागत करने के दिन अब नहीं रहे

# कनाडा के लिए कठिन हुए रास्ते, स्टूडेंट और वर्क वीजा में कटौती

टोरंटो /नई दिल्ली, दोहपर मेट्रो



कनाडा की पहचान एक ऐसे देश के तौर पर रही है, जो विदेशी वर्कर्स और स्टूडेंट्स का स्वागत खुली बांहों से करता आया है। लेकिन अब धीरे-धीरे ये पहचान मिट रही है। इसकी मुख्य वजह ये है कि कनाडा ने अब अपने यहां स्टूडेंट्स के साथ-साथ वर्कर्स की संख्या भी कम करनी शुरू कर दी है। इमिग्रेशन, रिफ्यूजी एंड सिटिजनशिप कनाडा के जनवरी से अप्रैल 2025 के बीच वीजा के डाटा से विदेशी स्टूडेंट्स-वर्कर्स को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है।

इस अवधि में सिर्फ 43% स्टूडेंट वीजा आवेदन की स्वीकार किए हैं, जबकि इस दौरान 69% स्टूडेंट्स परमिट आवेदन ही मंजूर हुए हैं। वर्षों से कनाडा की सफलता में विदेशी स्टूडेंट्स का बड़ा योगदान रहा है, जो यहां के संस्थानों को भारी-भरकम ट्यूशन फीस देते हैं। इसी तरह से विदेशी वर्कर्स भी उन इंडस्ट्रीज को अपने कंधों पर लेकर चला रहे हैं, जहां वर्कर्स की कमी रही है। हालांकि, अब स्टूडेंट और वर्क वीजा के लिए घटता अप्रूवल रेट दिखाता है कि दोनों के लिए कनाडा के रास्ते कठिन हो रहे हैं।

सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि विदेशी स्टूडेंट्स की वजह से कनाडा के संसाधनों पर दबाव भी पड़ा है। कनाडा को घरों की किल्लत, जॉब की कमी और हेल्थकेयर पर दबाव का सामना करना पड़ा है। बहुत से ऐसे शहर हैं, जहां पर स्थानीय लोगों की जरूरतों को पूरा करने भर संसाधन नहीं हैं, ऊपर से विदेशी छात्रों के आने के बाद तो बुरा हाल हो जा रहा है। ऐसे में छात्रों के लिए वीजा की संख्या घटाई गई है और जो स्टूडेंट वीजा के लिए अप्लाई कर रहे हैं, उनके आवेदन की कड़ाई से जांच की जा रही है।

### वीजा अप्रूवल घटने की वजह

2025 के शुरुआती चार महीनों में 1,82,404 विदेशी स्टूडेंट्स ने वीजा के लिए अप्लाई किया, जिसमें से 78,620 को वीजा मिला। इस तरह अप्रूवल रेट 43% पर रहा। स्टूडेंट वीजा अप्रूवल रेट घटने की दो मुख्य वजहें हैं। पहला- कॉलेज-यूनिवर्सिटी और शहरों के पास बड़ी संख्या में विदेशी छात्रों को अपने यहां रखने की क्षमता नहीं है। दूसरा- स्टूडेंट बनकर परमानेंट रेजिडेंसी हासिल करना आसान रहा है, लेकिन इस रूट में काफी ज्यादा डिमांड है। इस वजह से अब कड़ी जांच के बाद ही स्टूडेंट वीजा दिया जा रहा है।

### विदेशी वर्कर्स पर घटती निर्भरता

कनाडा में शुरुआत चार महीनों में सिर्फ 1,25,305 विदेशी वर्कर्स को देश में एंट्री मिली। इस तरह वर्क वीजा का अप्रूवल रेट 69% रहा। कनाडा धीरे-धीरे विदेशी वर्कर्स पर से अपनी निर्भरता कम कर रहा है। जिन सेक्टर्स में लोगों की कमी है, वहां पर अप्रूवल रेट काफी अच्छा है। लेकिन कुछ ऐसे भी सेक्टर्स हैं, जहां काम करने वाले लोगों की तादाद ज्यादा है, जिस वजह से अप्रूवल रेट घट रहा है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक राजेश सिरोठिया द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। संपादक राजेश सिरोठिया स्थानीय संपादक अनिल शर्मा* आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) फोन : 0755-4917524, 2972022